Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 174 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, सोमवार 01 जनवरी 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन




## आम जनता से किए हर वायदे पूरे करेंगे : विष्णुदेव साय

### छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के छठवें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### सेम्हराडीह में उप स्वास्थ्य केन्द्र की मंजूरी की घोषणा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बलौदाबाजार जिले के सेम्हराडीह में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के छठवें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य थे। छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण और राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा और विधायक व्यास कश्यप भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम की शुरूआत में समाज के महान विभूतियों को उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में नागरिकों की मांग पर सेम्हराडीह में उपस्वास्थ केंद्र की मंजूरी की घोषणा की। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर एक छात्र दीपक वर्मा को शिक्षा के लिए 25 हजार रूपये की आर्थिक मदद की मंजूरी की भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने ''परिणय पुष्प'' और ''अरपा छत्तीसगढ़'' शीर्षक से प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर दो आदर्श विवाह संपन्न हुए, अतिथियों ने नवविवाहित दम्पत्तियों को खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के कुर्मी समाज की पहचान एक राष्ट्रभक्त और मेहनतकश समाज के रूप में है। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता आंदोलन में इस समाज के महापुरूषों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करने के लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम पांच वर्षों में आम जनता से किए हर वायदे को पूरे करेंगे। शपथ ग्रहण के दूसरे दिन ही कैबिनेट की बैठक में हमने 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने का निर्णय लेकर मोदी जी की गारंटियों को पूरा करने की शुरूआत कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का अंतरण कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के अनुसार विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत सालाना 12 हजार रूपए की सहायता दी जाएगी। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए महिलाओं की शिक्षा महत्वपूर्ण होती है। पहले महिलाएं घर के कामकाज तक सीमित रहती थी, सामाजिक गतिविधियों में केवल पुरुषों का ही योगदान रहता था, लेकिन संवैधानिक प्रावधान के तहत उन्हें आरक्षण का भी लाभ मिल रहा है और महत्वपूर्ण स्थानों पर भी महिलाएं अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, समाज के पदाधिकारी चोवा राम वर्मा, धर्मेंद्र सरसिहा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीपेड पर हुआ गर्मजोशी से स्वागत



मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव साय रविवार को पहली बार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पहुंचे। बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम सेम्हराडीह हेलीपेड पर मुख्यमंत्री का प्रभारी कलेक्टर श्रीमती नम्रता जैन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा, डीएफओ श्री मयंक अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय स्व शंकर लाल बघेल स्मृति सभा स्थल में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के 6वे अधिवेशन में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने लिया संकल्प

### किरण सिंह देव ने कहा- भाजपा का कार्यक्रम पूरे साल भर चलता है



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी की संयुक्त मोर्चा की बैठक में आगामी कार्ययोजना के बारे में चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने सभी मोर्चों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में अहम जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ जुटने की अपील की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक रविवार को रखी गई थी। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से और नियमित रूप से जो कार्य योजना रहती है, उन योजनाओं को लेकर नीचे तक जाकर मंडल स्तर तक के कार्यों को संपादित करने पर बल दिया जाएगा। बूथ कमेटियों के कार्यकर्ताओं को चुनाव की दृष्टि से मोर्चावार अब अलग-अलग वर्ग और समाजों के बीच में जाकर कार्य करना है। कार्यकर्ता भाजपा के समन्वयक के रूप में कार्य करते हैं और हमारी सरकार के कार्यक्रम व पार्टी की घोषणाओं पर जो क्रियान्वयन हो रहा है, उस योजना से अवगत कराने का कार्य कार्यकर्ताओं को करना है। श्री देव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो 1 जनवरी से लेकर 31 दिसंबर तक के वर्षभर के कार्यक्रम तय करती है और वर्षभर हमारा कार्यक्रम चलता है। भाजपा सतत प्रयत्नशील रहती है कि अपने कार्यक्रमों को कार्यकर्ताओं के माध्यम से नीचे तक ले जा सके।

## मोदी सरकार का बड़ा एक्शन, तहरीक ए हुर्रियत गैरकानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मोदी सरकार अलगाववादी ताकतों के खिलाफ सख्त एक्शन मोड में है। ताजा घटनाक्रम में तहरीक ए हुर्रियत जम्मू-कश्मीर संस्था को गैर कानूनी संगठन घोषित कर दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भारत सरकार के इस कदम पर ट्वीट किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया, 'तहरीक-ए-हुर्रियत, जम्मू-कश्मीर को UAPA के तहत एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया है। गृहमंत्री ने लिखा, यह संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करने की निषिद्ध गतिविधियों में शामिल है।

## देशभर में लोकसभा योजना पर मंथन के साथ नए साल की शुरुआत करेगी भाजपा!

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा 2014 और 2019 के बाद 2024 के लोकसभा चुनावों में तीसरी बार प्रचंड जीत हासिल करने के मिशन पर है। भाजपा इस साल जनवरी के पहले सप्ताह में देशभर में 'लोकसभा योजना बैठक' आयोजित करने जा रही है। इसका उद्देश्य आगामी संसदीय चुनावों से पहले अपनी तैयारियों के संबंध में पार्टी के भीतर विचार-विमर्श करना है। भाजपा हाईकमान ने पार्टी के सभी राज्य प्रभारियों, प्रदेश अध्यक्षों और राज्यों के पार्टी संगठन महासचिवों को पत्र लिखा है। पार्टी आलाकमान ने पार्टी संगठन को प्रभावित करने वाले सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों, संगठनात्मक तैयारियों, पार्टी गतिविधियों, प्रचार अभियानों और विभिन्न प्लेटफार्मों तथा मीडिया स्रोतों पर चलने वाले राजनीतिक नैरेटिव पर भी विस्तार से चर्चा करने के निर्देश दिए हैं। भाजपा 2024 के आम चुनाव की विभिन्न तैयारियों को लेकर समय पर भी विशेष ध्यान दे रही है।

## नया साल सभी लोगों के जीवन में खुशहाली लाए : विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की दी शुभकामनाएं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि नया वर्ष सभी लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाए।


मुख्यमंत्री श्री साय ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा है कि नया साल नई उम्मीदें लेकर आता है। छत्तीसगढ़ में नयी सरकार प्रदेशवासियों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी को पूरा करने के लिए सरकार संकल्पित है। श्री साय ने कहा कि मुझे खुशी है कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के 25 दिसम्बर को जन्म दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो वर्ष के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण कर दिया गया है। हमने सरकार बनते ही गरीबों के लिए 18 लाख आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया। हम गरीब भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रुपए सालाना भी देंगे। विवाहित महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हर माह 1000 रूपए देने का प्रावधान भी अनुपूरक बजट में कर दिया है। अब माताओं, बहनों के खाते में साल में 12000 रूपए आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ का विकास हमारी प्राथमिकता है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के ध्येय वाक्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता से किया हर वादा हम पूरा करेंगे। नया वर्ष सबके जीवन में नई उमंग और उत्साह लेकर आए।


## उत्तर पश्चिम भारत में जारी रहेगा घना कोहरा : आईएमडी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर पश्चिम भारत में बढ़ रही सर्दी को लेकर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि उत्तर पश्चिम और आसपास के मध्य भारत के मैदानी इलाकों के कई हिस्सों में घना कोहरा जारी रहने की संभावना है। अगले दो दिनों में पूर्वी भारत तक इसके बढ़ने की संभावना है।

## वेग, उद्वेग, आवेग से बचे, सम्वेग और निर्वेग से अपना जीवन यापन करें : आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज



**डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में विराजमान है। आज के प्रवचन में आचार्य श्री ने कहा की तीर्थंकर जितने भी होते हैं वे सारे-सारे अपढ़ होते है। उनकी पढाई कहीं भी नहीं होती और आगे भी ऐसा ही रिकार्ड रहेगा। आप लोग पढ़े लिखे हो, जिसको कुछ समझ नहीं आता उसके लिये विद्यालय है। वे अपढ़ होकर भी अच्छे-अच्छे उलझन, समस्याओं का भी समाधान दे देते है। ये युग एक प्रकार से वैज्ञानिक युग माना जाता है इसी के मापदंड से किसी कि पहचान निर्धारित किया जाता है। स्वर्ग में भी सुनने को नहीं मिलता कि कोई देव पाठशाला या विद्यालय जाता हो वहाँ यह सुनने को जरुर मिलता है कि वो गुरु कहलाते हैं जिसे बृहस्पति कहते हैं। उन्होंने स्वर्ग में विद्यालय कि स्थापना नहीं कि। इतना अवश्य है कि उनको विशेष क्षयोपषम रहता होगा इसलिए उनको बृहस्पति कहकर पुकारते हैं और कहीं-कहीं पर कवि लोग काव्यों में बृहस्पति का नाम याद करते हैं। हे भगवान आपके गुणानुवाद करने में अक्षमता हो गयी। याने वह बृहस्पति भी चाहे तो वह भगवान का गुणानुवाद पूर्ण नहीं कर सकता। ऐसा आपका व्यक्तित्व है फिर भी आप पढ़े लिखे नहीं हो। हां समझ में नहीं आता ऐसा नहीं, समझते नहीं इसलिए विद्यालय खोलकर उनको समझाया जाता है। समझाने के बाद भी यदि उनको समझ नहीं आता है तो वह हम-तुम आदि में समावेश हो जाते हैं। आप अपने आपको पढ़े लिखे मत समझो। एक हाइको लिखा था कि किसी वेग में, अपढ़ हो या पढ़े, दोनों समान है। अपढ़ को भी हम उसी श्रेणी में रख सकते हैं। पढ़े लिखे होने के बाद भी माता पिता कि कोई बात सुनते नहीं है क्योंकि वे वेग में है, बहुत वेग में है। माता पिता सोचते हैं कुछ कहो नहीं, नहीं तो कही चला न जाये। इतने वेग में जैसे कुछ गाड़ी कुछ स्टेशन में रूकती नहीं है और स्टेशन से गाडी बहुत वेग से निकल जाती है क्योंकि वहाँ सिग्नल कि सेटिंग ऐसी होती है। वेग, उद्वेग, आवेग के विपरीत वह अपढ़ है और जिसके पास सम्वेग और निर्वेग है वह सम्वेग और निर्वेग के माध्यम से दूसरे को शांत कर सकता है किन्तु उद्वेग के माध्यम से शांत को भी अशांत किया जा सकता है। आप कौन सा कार्य कर रहे हो बताओ। ध्यान रखो जब माथा तपता है गरम होता है तो उसको सम्वेग वाला व्यक्ति ही शांत बिठा सकता है। भगवान के समवशरण में सिंह और गईया साथ में बैठते है। गईया को देखकर सिंह खाने का भाव नहीं करता है तो गईया भी सिंह को देखती है कि हम दोनों समान है। जहाँ राजा और प्रजा दोनों एक हो जाते है उसका नाम समवशरण है। हमें कुछ करना नहीं ज्यादा कुछ पढाई करना नहीं, वेग को देखते रहो। ड्राईवर गाडी को चलाता है स्वयं तो बैठा रहता है। वेग को सम्हाल के गाडी चलाता है क्योंकि सैकड़ों, हजारों लोग उस पर भरोसा, विश्वास करके गाडी में बैठे है तो वह भी जागृत होकर गाडी चलाता है। हमें जाग्रति कि आवश्यकता है पढ़ लिखकर के बैठने कि नहीं काम करने कि आवश्यकता है। शांत रहने कि आवश्यकता है। इसलिए जगत का यह स्वभाव है कि वह ज्ञान हमारे पास स्वभाव के रूप में है न ही उसमे वैराग्य उठ रहा है। विद्यालयों के माध्यम से उसमे आवेग, उद्वेग आदि कि क्षमता आ जाती है किन्तु आत्मा का स्वभाव क्या है इसके बारे में एक सेकंड भी खर्च नहीं करते आप लोग और हमारे पास आकर कहते हो कि महाराज शांति दे दो, शांति से बैठ जाओ तो शांति मिल जाएगी। आज सीटिंग का इतना महत्त्व नहीं है जितना कि भागम-भाग का है। उसको हम समझ भी नहीं सकते जो शांत बैठता है उसको तात्कालिक उसका अनुभव होने लग जाता है। वैराग्य में कभी खदबद-खदबद नहीं होता, आवेग में वो कभी शांत बैठ ही नहीं सकता, उछलता रहता है। आज कि विद्या उछाल सिखाती है। उछाल होना तो चाहिये लेकिन एक पढ़ा लिखा होने के बाद भी आवेग में आ जाता है और जो अपढ़ है वह सम्वेग कि तरफ आ जाता है और मिथ्यात्व को मिटाते हुए सम्यक दर्शन को और घना-घना बनाता जाता है, आस्था को और मजबूत बनाते चला जाता है। तीर्थंकर और उनकी संतान विद्यालय नहीं जाती है यदि जाती भी है तो उन्हें क्षत्रियता आदि का पाठ दिया जाता है। यदि व्यक्ति अशांत होकर के शांत को भी अशांत बना रहा है तो उसके लिये क्षत्रियता काम करती है। तलवार इसलिए रखी है कि तुम्हारी उछल कूद शांत हो जाये। आज छुप-छुप कर छापा मारा जाता है। रेड है वो वाइट नहीं है, जितना रेड रखे हो उसे निकाल दो नहीं तो रेड हो जाओगे। पहले नियम दिलवाते थे कि व्यापारी मौलिक-मौलिक जो वस्तु है उसे राज कोष में देगा। जब व्यापारी बाहर से व्यापार करके आता था तो सारी कमाई राजा को दिखता था और जो विशेष वस्तु होती थी उसे राजा को दे देता था। राजा जो हीरा मोती पहनता था वह अलग होते थे और जो राज कोष में होता था वह अलग रहता था और उसकी चाबी राजा के पास नहीं होती थी। राजा पढ़ा लिखा नहीं भी होता था तो उसे कभी न्यायालय में जाने कि आवश्यकता नहीं होती थी। वह क्षत्रियता को नहीं छोड़ता था। बनिया लोग क्षत्रियता को नहीं जानते। सीधे धन न मिले तो तौलने में डंडी मारते हो। सम्यक दर्शन कि प्राप्ति के लिये सम्वेग, निर्वेग कि आवश्यकता है, शांत बैठने कि आवश्यकता है जिससे विशुद्धि लब्धि प्राप्त हो जाती है और विशुद्धि लब्धि के बिना सम्यक दर्शन कि भूमिका बनती नहीं है इसलिए चुप बैठो। चुप बैठने से ही कौन किसका अधिकारी, भोक्ता है पता चलता है। बच्चे को भोजन धीरे-धीरे कराओ। दांत का काम आंत को मत दो नहीं तो दांत गिर जायेंगे। यदि पढ़ा लिखा भी आवेग में आ रहा है तो उसकी संगती अच्छी नहीं है। आर्य के साथ संगती रखो। आवेग वाले के साथ संगती मत रखो उससे भला होने वाला नहीं है। आज संगती अच्छी मिलती नहीं है इसलिए युवा पीढ़ी आवेग में रहती है और माता पिता शांत बैठे है। स्वर्गों में भी विशुद्धि ऐसे ऊपर-ऊपर बनी रहती है इसलिए उनको पाठशाला कि कोई आवश्यकता नहीं होती। पढ़े लिखे होने के बाद भी इधर उधर कि बात करते हैं और आवेग में आ जाते हैं। इसलिए जो व्रती बने हैं वह शांति के साथ रहे तो उसका चरित्र ज्यों का त्यों बना रहता है। जो शांत बैठा है उसे सम्यग्दर्शन प्राप्त हो सकता है और जो वेग में है उसे सम्यग्दर्शन प्राप्त नहीं हो सकता। गुरु जी कहते थे कि बहुत पढना नहीं, बहुत बार पढो। इसका अर्थ मै यह समझता हूँ द्वादशांग बार-बार है किन्तु द्वादशांग को बहुत बार पढो तो णमोकार मन्त्र भी पर्याप्त है। इसलिए आप लोग वेग, उद्वेग, आवेग से बचे और सम्वेग और निर्वेग से अपना जीवन यापन करें। आज आचार्य श्री को नवधा भक्ति पूर्वक आहार कराने का सौभाग्य श्रीमती सुनीता जैन, संचिता जैन, श्री निर्मल जैन, श्री आकाश जैन, श्री संचित जैन परिवार डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ निवासी को प्राप्त हुआ जिसके लिए चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन,कोषाध्यक्ष सिंघई सुभाष चन्द जैन,महामंत्री श्री निर्मल जैन, मंत्री श्री चंद्रकांत जैन, कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद बडजात्या, प्रतिभास्थली के अध्यक्ष श्री प्रकाश जैन (पप्पू भैया), श्री सप्रेम जैन (संयुक्त मंत्री) ने बहुत बहुत बधाई और शुभकामनायें दी चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बताया कि आचार्य श्री ससंघ के सानिध्य में दिनांक 1 जनवरी 2024 को प्रातः 8 बजे 1008 श्री चन्द्र प्रभ भगवान का महा मस्तिकाभिषेक, शांति धारा, पूजन, प्रवचन आदि होगा। संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ के दर्शन के लिये उनके भक्त सम्पूर्ण भारत से एवं विदेशों से भी आ रहे है ज्यदातर छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, इम्फाल, यु.एस.ए. आदि जगहों से आ रहे है। यहाँ आने वाले भक्तों कि समुचित (आवास, भोजन आदि) व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा कि गयी है। उक्त जानकारी चंद्रगिरी डोंगरगढ़ के ट्रस्टी **निशांत जैन (निशु)** ने दी है।



दैनिक

# विश्व परिवार

रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार

रायपुर, सोमवार 01 जनवरी 2024

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### ड्राइवरों के लिए बने नये कानून को लेकर जमकर हुआ विरोध प्रदर्शन



**वीरगांव ( विश्व परिवार )।** भारत सरकार द्वारा ड्राइवर के लिए नया कानून लागू करने जा रही है। जिसका पूरे देश में शासन के खिलाफ जमकर विरोध हो रहा है एवं आगे भी उग्र प्रदर्शन की तैयारी है। इसी के तहत शनिवार को ट्रक ड्राइवरों ने बिरगांव नगर निगम क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाटा में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसका मोटर मालिक एवं ट्रांसपोर्टरों ने ड्राइवर का साथ दिया वही ट्रक ड्राइवर का कहना है कि ड्राइवर एक चींटी तक बचा कर चलता है, एक्सीडेंट की स्थिति में दूसरे के आरोपा को गरीब ड्राइवरों पर ही थोप दिया जाता है, ट्रक ड्राइवरों के हित में कानून कब बनेगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में ट्रांसपोर्ट नगर के वरिष्ठ ट्रांसपोर्टर दिलीप तिवारी, राघवेंद्र त्रिपाठी, वीरेंद्र यादव, अजय पांडे, संगम लाल तिवारी, नरेंद्र तिवारी, सुजीत यादव, उमर अब्दुल्ला खान , देव पांडे , आदर्श सिंह गौतम , सोनू राजपूत के अलावा समस्त ट्रांसपोर्टर मोटर मालिक एवं ड्राइवर उपस्थित रहे।

### समाजोत्थान के लिए सेवा और समर्पण के साथ कार्य करने तत्पर रहते हैं माधव लाल यादव

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** समाजोत्थान के लिए हमेशा आगे रहकर एवं सेवा और समर्पण के साथ कार्य करने वाले माधव लाल यादव



को हाल ही में बिहार स्थित पटना में आयोजित अखिल भारतीय यादव महासभा में छत्तीसगढ़ प्रदेश का अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी उनके लगातार सक्रिय एवं सामाजिक उत्थान की उनकी महति सोच के चलते दिया गया है। माधव लाल यादव 20 वर्ष की आयु से ही समाज सेवा कर रहे हैं, महिलाओं की सशक्तिकरण, गौ-हत्या, गाय-गोपाल सामाजिक यात्रा, बैल दौड़ प्रतियोगिता, दही-हांडी लूट, दशहरा उत्सव, विधवा-विधुर विवाह, यादव सम्मेलन, कामधेनु यज्ञ ,गोवर्धन पूजा, यादव छात्रावास,साई बाबा मंदिर, हनुमान मंदिर ,गोवर्धन धारी कृष्ण मंदिर, सोमेश्वर महादेव मंदिर आदि बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री से एक करोड रुपए की राशि स्वीकृत कराकर सरजू बांधा शमशान के सौंदर्यीकरण, संरक्षण एवं संवर्धन एवं लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार सहित शवदाह हेतु निशुल्क लकड़ी व्यवस्था करना जैसे अनेक पुनीत कार्य उनके द्वारा किए जाते रहे हैं। अनेक पुरस्कारों से सम्मानित एवं कई संगठनों का नेतृत्व कर अनेक समितियों का संचालन कर लगातार समाजहित के कार्यों में लगे रहते हैं।

### स्वर्गीय महादेव प्रसाद शर्मा के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जताया शोक

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ जिले के कापू निवासी प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व.श्री महादेव प्रसाद शर्मा



के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय श्री शर्मा स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के साथ जनजाति समुदाय के कल्याण उत्थान की दिशा में सदैव कार्यरत रहे। उन्होंने रायगढ़ जिले में जनजाति लोगों के विकास के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य किया। उनके यशस्वी जीवन से हम सब ने प्रेरणा ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय शर्मा के परिवार से उनके आत्मीय संबंध रहे हैं। इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति ईश्वर शर्मा परिवार को प्रदान करें।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर दी बधाई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय जी से मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने कहा कि प्रदेश की उन्नति में व्यापारी समाज सदैव ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। प्रदेश के 12 लाख व्यापारी एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज आगे भी प्रदेश के विकास हेतु शासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, उपाध्यक्ष-हीरा माखीजा, नरेंद्र हरचंदानी, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, महेश दरयानी, टी. श्रीनिवास रेड्डी, जय नानवानी, मंत्री- निलेश मुंधड़ा, शंकर बजाज, राजेंद्र खटवानी, राकेश (जनक) वाधवानी, दिलीप इसरानी, विक्रांत राठौर, राजेश शर्मा, सुनील मिश्रा, युवा चेंबर प्रदेश अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महामंत्री कांति पटेल, युवा चेंबर उपाध्यक्ष-जयेश पटेल, विपुल पटेल, युवा चेम्बर मंत्री गोल्डी लूनिया, जयंत मोहता, ट्रांसपोर्ट चेम्बर- प्रदेश अध्यक्ष अमरीक सिंह, महामंत्री नवीन शर्मा, सचिव राजेश शर्मा, श्रवण विश्नोई, बंटी शर्मा, अशोक शर्मा, देवीलाल शर्मा, मिलन भारद्वाज, रमेश भट्ट, दीपक शर्मा, पवन अग्रवाल, महिला चेम्बर महामंत्री श्रीमती पिंकी अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती हेमल शाह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में बांटें गैस कनेक्शन और स्वनिधि योजना के चेक

### मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने हितग्राहियों को दिए पक्के मकान के गारंटी पत्र



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एक व्यक्ति को जिंदगी में क्या चाहिए रोजगार, अपना एक पक्का मकान जिसमे बिजली और पानी का कनेक्शन हो। खाना पकाने के लिया गैस कनेक्शन और अगर बीमार हो जाए तो मुफ्त इलाज। हर व्यक्ति के इन सपनों को हकीकत में बदलने का कोई काम कर रहा है तो वह है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, ये बात छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान कही।

श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सरकारी योजनाओं की जानकारी और पंजीयन के लिए रविवार को धीवर समाज भवन महाराजबंध तालाब पर आयोजित शिविर का उद्घाटन किया।

शिविर को संबोधित करते हुए श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ये आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोग उपयोगी योजनाओं में पंजीयन भी करा सकते है। और पात्र हितग्राहियों को उसका लाभ मिलेगा। श्री बृजमोहन ने कहा कि, मोदी जी ने महिलाओं को खाना पकाने के लिए लकड़ी और कोयले के धुएं से होने वाली परेशानी से आजादी दे दी है। उज्ज्वला योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। उसके बाद हितग्राहियों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा। बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार मुद्रा योजना लाई है जिसके तहत कोई भी व्यक्ति अपना रोजगार करने के लिए 50,000 रुपए तक का लोन ले सकता है।

वहीं सब्जी, फल फूल का ठेला लगाने और दूसरा छोटा-मोटा रोजगार करना चाहता है तो स्वनिधि योजना के तहत उसे 10 हजार रुपए तक का लोन मिल सकता है एक बार लोन की राशि चुका देने पर, हितग्राही को दोबारा 20 हजार और फिर 50 हजार रुपए तक का लोन मिल सकता है। ऐसे ही बढ़ई, लोहार, राजमिस्त्री और कारीगिरी का काम करने वाले पात्र लोगों को सरकार बिना किसी गारंटी के विश्वकर्मा योजना के तहत 3 लाख रुपए दे रही है। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा आज कल बीमारियों का कोई ठिकाना नहीं कब किस व्यक्ति को गंभीर बीमारी हो जाए ऐसे में पूरे परिवार को परेशानी और आर्थिक दिक्कत का सामना करना पड़ता है। देशवासियों की परेशानी को दूर करने के लिए ही सरकार आयुष्मान भारत योजना लाई है। जिसमे 10 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। शिविर में लोग जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करके अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है और एक तनाव मुक्त जिंदगी जी सकते हैं।

श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार की लोकप्रिय महतारी वंदन योजना के बारे में भी बताया। जिसके तहत शादीशुदा महिलाओं को 1,000 रुपए महीना यानी साल के 12,000 रुपए दिए जायेंगे। इसके अलावा में घर में लड़की पैदा होने पर रानी दुर्गावती योजना के तहत लड़की के 18 साल के होने पर उसे उसके खाते में डेढ़ लाख रुपए मिलेंगे।

हर व्यक्ति का सपना होता है कि, उसका अपना एक पक्का मकान हो। उसी सपने को पूरा करने के लिए सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान दिए जा रहे है। जिसके लिए पात्र अभ्यर्थी शिविर में आवेदन कर सकते हैं। जल मिशन के तहत घर में नल के लिए भी आवेदन किया जा सकता है।

कार्यक्रम में श्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी प्रभात साहू, राहत अली, रौनक अली, विमल यादव, मंजू साहू को गारंटी पत्र सौंपे।

उज्ज्वला योजना के अंतर्गत टिकरापारा निवासी पुनिका नायक और गीतांजलि जंघेल को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया। वहीं स्वनिधि योजना के तहत टिकरापारा निवासी जोरवीन बानो और रोहित साहू निवासी टिकरापारा को 10,000 रुपए का चेक दिया।

शिविर में महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, नगर पालिका, बैंक ने अपने स्टॉल लगाए थे। जहां स्वनिधि योजना, विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल मिशन, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली और पंजीकरण कराया। शिविर में नगर निगम में उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, पार्षद सरिता वर्मा, सलीग सिंह ठाकुर, चूड़ामणि निर्मलकर, केदार धनकर, राज गायकवाड, लव यदु, नितिन शर्मा, ममता नायक, संजय सिंह, विजय सिंह, अविनाश देवांगन, मुकेश यदु, लक्की रिगरी, अजयवंशी और विभागीय अधिकारी कर्मचारी भी शिविर में उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान के सदस्यों ने नवा रायपुर के शान्ति शिखर में मनाया नये वर्ष का उत्सव

**पुरानी आदत, स्वभाव और संस्कारों की बिदाई का लिया दृढ़ संकल्प**



### बाल कलाकारों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर रंग जमाया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सदस्यों ने नए वर्ष का उत्सव अपने नवा रायपुर स्थित एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड -शान्ति शिखर के खूबसूरत ऑडिटोरियम में मनाया। इस सर्व सुविधायुक्त ऑडिटोरियम में पन्द्रह सौ लोगों के कुर्सियों पर बैठने की क्षमता है।

इस अवसर पर रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने सभी को माउण्ट आबू से प्राप्त मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी जी का पत्र पढ़कर सुनाया। इस पत्र में दादी जी ने सभी को गुणों व विशेषताओं का सहयोग देने, पुरूषार्थ में तीव्रता लाने, लोगों की दुआएं प्राप्त कर पुण्य जमा करने और परमात्मा की याद रूपी छत्रछाया में स्वयं को सुरक्षित रखने की प्रेरणा दी गई। इसके अलावा ब्रहमाकुमारी सविता दीदी ने सभी में उमंग उत्साह भरते हुए पुराने वर्ष की बिदाई के साथ ही अपने पुराने और अप्रिय स्वभाव, संस्कारों को बिदाई देने का दृढ़ संकल्प कराया।

समारोह में संयुक्त जिलाधीश उज्जवल पोरवाल (आईएएस) भी उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से अपने जीवन को सुख और शान्तिमय बनाने का आग्रह किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि शान्ति शिखर भवन अशान्त लोगों को शान्ति की राह दिखाएगा।

समारोह में स्थानीय कलाकार कु. शारदा नाथ ने अपनी मधुर आवाज में नये वर्ष का स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पश्चात ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े हुए रायपुर के बाल कलाकारों ने विभिन्न गीतों पर शानदान नृत्य प्रस्तुत कर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। अन्त में ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने सभी को स्वल्पाहार वितरित किया।

## पोहरी का बेटा पीयूष जैन पहले ही प्रयास में बना नायब तहसीलदार




**शिवपुरी ( विश्व परिवार )।** जिले के पोहरी निवासी वीरेन्द्र कुमार जैन (माता श्रीमती सरस्वती जैन) का सुपुत्र पियूष कुमार जैन का चयन मध्यप्रदेश पीएससी 2019 की परीक्षा में नायब तहसीलदार पद के लिए चयनित होंने पर सम्पूर्ण प्रदेश में खुशी छा गई है, अनेक संगठनों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही है। पियूष जैन ने प्रारम्भिक शिक्षा ग्राम पोहरी में ग्रहण की, इंटर की परीक्षा शांतिनिकेतन हाई स्कूल पोहरी से 95 प्रतिशत से उत्तीर्ण करने उपरांत स्कूल संचालक कृष्णकांत जैमिनी व शिक्षक उमेश कुशवाहा के निर्देशन में बरकुतुल्ला महाविद्यालय भोपाल से बीए तथा एलएलबी उत्तीर्ण करने के साथ प्रशासनिक सेवा में जाने की तैयारी में जुट गए और वर्ष 2019 की एमपी पीएससी परीक्षा में शामिल होकर फ्री व मेंस परीक्षा उत्तीर्ण की और पहले ही प्रयास में नायब तहसीलदार के पद पर चयनित होंने पर इस सफलता का श्रेय गुरुजनों व अपने पिता वीरेन्द्र कुमार जैन व माता श्रीमती सरस्वती जैन को दिया। पियूष के पिता वीरेंद्र कुमार सहायक विस्तार अधिकारी के पद पर तथा माता सरस्वती कुशल ग्रहणी है। पियूष का कहना है कि मेरी तैयारी निरन्तर जारी रहेगी, उन्हें उम्मीद है कि इस बार वे डिप्टी कलेक्टर बन सकते हैं। उनके चयन पर शिवपुरी ही नहीं,अपितु सम्पूर्ण प्रदेश में हर्ष व्याप्त है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जैन तीर्थ नैनागिरि के अध्यक्ष सुरेश जैन आईएएस भोपाल, मंत्री देवेन्द्र लुहारी व ट्रस्ट मंत्री तथा भारतीय जैन संगठन बीजेएस के सम्भागीय अध्यक्ष राजेश जैन रागी, जैन तीर्थ द्रोणगिरि के अध्यक्ष कपिल मलैया, मंत्री सुनील घुवारा व सनत कुटोरा, प्राचार्य सुमतिप्रकाश जैन, बीजेएस के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. विमल कुमार जैन, महामंत्री इंजी. अशोक पलंदी जबलपुर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की है।

**-राजेश जैन रागी/रत्नेश जैन**

## कामां का रहा है गौरवशाली इतिहास तो जैन मंदिर भी हैं सातवीं शताब्दी से अधिक प्राचीन, चार प्राचीन जिनालय जैनत्व की जीवंत गाथा



**कामां ( विश्व परिवार )।** पौराणिक, धार्मिक, सांस्कृतिक व ऐतिहासिक नगरी कामवन कामां जिसका इतिहास अपने आप में स्वयं गौरव है। भगवान श्री कृष्ण द्वापर युग में अवतरित हुए और उन्होंने इस पावन क्षेत्र पर अपनी बाल क्रीड़ाएं संपन्न की। जिनके प्रमाण आज भी जीवंत कामवन की पावन धरा पर दृष्टिगोचर होते हैं।

यदि विश्लेषण करें तो कामां की धरा पर प्राचीन चार दिगम्बर जैन जिनालय स्थित है जिसमें श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन दीवान मंदिर जी के तलघर से निकले देवाधिदेव 1008 श्री आदिनाथ भगवान की प्राचीन प्रतिमा स्वयं इतिहास को वर्णित करती है। जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता है की लगभग सातवीं शताब्दी से यहां जिनालय स्थित है क्योंकि वह प्रतिमा 1400 से भी अधिक वर्ष प्राचीन है।

अन्य प्रतिमाओं पर अंकित प्रशस्ति भी लगभग 500 से 700 वर्ष प्राचीन है इसी श्रृंखला में कामां के कोट ऊपर स्थित श्री 1008 आदिनाथ भगवान का जिनालय भी 11वीं शताब्दी का अंकित है। किंतु ऐसा प्रतीत होता है कि यह जिनालय उससे भी अधिक प्राचीन है।

राजा कामसेन के जिन महलों का वर्णन कामा के इतिहास में होता है यदि उन पर दृष्टिपात करें तो यह भी जैन धर्म से जुड़ा हुआ एक प्रसंग है बने हुए 84 खम्बों में उत्कीर्ण चिन्ह जैनत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। सिंहासन के पीछे एवं दीवारों पर उकेरे हुए भित्ति चित्र जैन प्रतीकों के समान ही दिखाई देते हैं। संजय जैन बड़जात्या, महामंत्री पंचकल्याणक महोत्सव समिति कामां बताते है कि आचार्य श्री कुन्थु सागर जी महाराज संघ में उपाध्याय श्री कन नंदी महाराज ने देखकर बताया था। यदा कदा खुदाई में जैन प्रतिमाओं व प्रतीक चिन्हों का प्राप्त होना भी इस बात का प्रमुख द्योतक है कि यह भूमि जैनत्व का समृद्धिशाली इतिहास को समेटे हुए है। संजय जैन बड़जात्या से प्राप्त जानकारी।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## लघुकथा उधार का न हो नववर्ष



रामदेव अपने खेत की मेड़ पर बैठे बैठे टमाटर की चटनी के साथ रोटी खा रहा था।तभी एक बड़ी सी कार वहां आकर झटके से रूकी।उससे उड़ती धूल से चटनी रोटी को बचाने रामदेव ने अपने गमछे से ढंक दिया।वह आशंकित भाव से कार की ओर ताकने लगा। तभी कार से उतरते अपने बाल मित्र गोविंद को देखकर वह गदगद हो उठा।गोविंद के बैठने के लिए गमछा बिछाते हुए उसने कहा- बैठ भाई, बड़ी शानदार कार में घूम रहा यार। लगता है स्वर्ग सी जिंदगी बन गई है तेरी, किंतु आज नववर्ष के पहले दिन शहर की पार्टी छोड़ कर यहां कहां खेत- खार में सियार के जैसे भटक रहा है।

रामदेव की बात सुन कर गोविंद की आंखें भर आईं।आंसू पोंछते वह बोला- स्वर्ग जैसी दिखती मेरी जिन्दगी कर्ज़ में डूबी हुई ज़िन्दगी है। विलासिता पूर्ण जिंदगी की चाह में मैं कर्ज़ के दलदल में धंस गया हूं।

उसकी बातें सुनकर रामदेव ने पानी देते कहा - भाई मेरी बातों का बुरा मत मानना। तुम्हारी मंहगी कार को देखकर मुझे लगा कि तुम मालदार अमीर बन गए हो।

पानी पी कर गोविंद लम्बी सांसे छोड़ते हुए बोला - उधार ले के घी पीने से बढ़िया जिनगी तो तुम्हारी सुक्खी रोटी -चटनी की ज़िन्दगी है भाई।दूसरों की देखा देखी, झूठी शान शौकत में सुध-बुध खोता चला गया और उधारी में आकंठ डूब गया हूं। कर्ज़ वसूलने आज मेरे घर पर कब्ज़ा करने लठैत आने वाले हैं।ऐसी नर्क भरी ज़िन्दगी जीते मैं मुंह छुपाते भागते फिर रहा हूं।मन तो करता हे फांसी लगाकर छुटकारा पा जाऊं।

इसे सुनकर गोविंद की पीठ पर हाथ रखते रामदेव बोला -उधारी की ज़िन्दगी भिखारी की जिन्दगी से भी बद्तर होती है भाई।फंस गए हो तो हिम्मत से काम लो।फांसी लटकने से रास्ता नहीं निकलेगा उल्टा तुम्हारे परिवारजनों पर दूबले को दो असाड़ जैसा दुःख टूट पड़ेगा।चलो तुम्हारी उधारी चुकाने की जिम्मेदारी मैं लूंगा। नववर्ष पर उधार की ज़िन्दगी छोड़ कर सुधार की ज़िन्दगी आरम्भ करना।

रामदेव की बातें सुनकर गोविंद के हृदय में जीने का जज़्बा जाग उठा। रामदेव को गले लगाते वह बोल पड़ा - तुमने मेरी आंखें खोल दी भाई।और मित्र धर्म का पाठ भी बखूबी पढ़ा दिया।हैप्पी न्यू ईयर भाई, हैप्पी न्यू ईयर।

**-विजय मिश्रा अमित**

## महाराष्ट्र मंडल के प्रस्तावित आयोग की विस्तृत रिपोर्ट चाहते हैं डॉ. रमन सिंह

### अभिनंदन करने पहुंचे मंडल पदाधिकारियों से विधानसभा अध्यक्ष ने की चर्चा



**सामाजिक संस्थाओं के लिए आयोग गठन करने के प्रस्ताव के प्रारूप को पढ़ाते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले के नेतृत्व में कार्यकारिणी के सदस्यों और विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों ने शुक्रवार की देर शाम विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात में अजय काले ने मंडल के सभी संस्थाओं के आयोग गठन के प्रस्ताव की जानकारी दी।

सामाजिक संस्थाओं के लिए आयोग गठन करने के प्रस्ताव के प्रारूप को पढ़ाते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, बायें से महाराष्ट्र मंडल के सचिव चेतन दंडवते, युवा समिति प्रमुख विनोद राखुंडे, अध्यक्ष अजय काले और पर्यावरण समिति के सह प्रमुख वैभव बर्वे।

प्रस्तावित आयोग गठन करने को लेकर काले की बातों को ध्यान से सुनने के बाद डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पहली बार में आप लोगों की पहल को समझने में थोड़ी दिक्कत हो रही है जैसे आयोग का स्ट्रक्चर कैसा होगा? वह काम कैसा करेगा? इसलिए बेहतर यह है कि आयोग गठन और उसकी कार्यप्रणाली को लेकर महाराष्ट्र मंडल एक संपूर्ण रिपोर्ट तैयार करे। जिसका अध्ययन करके वह निश्चित ही इस दिशा में काम करेंगे।

डॉ. रमन से चर्चा शुरू करने से पहले मंडल के अध्यक्ष अजय काले, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन और सचिव चेतन दंडवते ने फूलों के गुलदस्ते से उनका स्वागत किया। इस मौके पर मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, भवन व मेस प्रभारी दीपक किरवईवाले, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी निरंजन पंडित, सह प्रभारी परितोष डोनगांवकर, युवा समिति के प्रमुख विनोद राखुंडे, पर्यावरण समिति के प्रमुख अभय भागवतकर, सह प्रभारी वैभव बर्वे, बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ प्रमुख सुबोध टोले, मदन तोपखानेवाले समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सीईओ विश्वदीप ने पीएम जनमन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों की ली बैठक

## पीव्हीटीजी वर्ग के लोगों को पीएम जनमन योजना का लाभ दिलाने गंभीरता से करें कार्य - सीईओ विश्वदीप



**कोरबा(विश्व परिवार)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु विभिन्न विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजना के क्रियान्वयन में गति लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी कोरबा श्री पीएम अरविंद, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, श्री दिनेश नाग, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्री श्रीकांत कसेर, स्वास्थ्य, शिक्षा, पीएचई, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। सीईओ श्री विश्वदीप ने पीएम जनमन योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से ऐसे समुदायों की बसाहटों में पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसी अन्य गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस हेतु पीव्हीटीजी बसाहटों में विभागों द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है। साथ ही शिविर का भी आयोजन कर विशेष पिछड़ी जनजाति के वंचित लोगों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, वन अधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ई श्रम कार्ड सहित अन्य योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाया जा रहा है। सीईओ ने सभी विभाग प्रमुखों को पीव्हीटीजी वर्ग के वंचित लोगों का शत-प्रतिशत योजना से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस हेतु सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर सार्थक प्रयास करते हुए, विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय तक लाभ पहुंचाएं जिले को विकसित करने के साथ ही पहुंचविहीन क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार के योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करें। बैठक में सीईओ ने बताया कि आगामी 3 से 5 जनवरी तक सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। जहां ग्राम सभा से अनुमोदन कराकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन बसाहटों में शिविर आयोजन के संबंध में शेड्यूल निर्धारित कर मुनादी के माध्यम से प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

# राज्य में लगाएंगे नए उद्योग, मजदूरों को मिलेगा रोजगारः मंत्री लखनलाल देवांगन

### राख फेंकने की शिकायत पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा विधानसभा से चुन कर पहुंचे भाजपा के लखनलाल देवांगन को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंत्रीमंडल में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री बनाया गया है। शुक्रवार को मंत्रीमंडल को विभाग बंटवारे की सूची जारी की गई। विभाग मिलने के बाद देवांगन ने कहा कि मैं विभाग के अफसरों की बैठक लेकर स्थिति की जानकारी लूंगा। राज्य में कितने उद्योग हैं, कहां कितने मजदूर काम कर रहे हैं। वाणिज्य से संबंधित कार्यों का भी जल्द ही समीक्षा की जाएगी। राज्य में और नए उद्योग लगे, ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को रोजगार मिले। इसके लिए काम किया जाएगा। बैठक लेने के बाद सही आंकड़ा सामने आएगा, इसके बाद काम आगे किया जाएगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि विभाग आबंटित होने के पहले ही मैने राख की समस्या को संज्ञान में लेते हुए पर्यावरण संरक्षण मंडल को दो टूक कह दिया है कि एक भी राखड़ कोरबा में डंप नहीं होना चाहिए। जहां भी राखड़ फेंका गया है, वहां मिट्टी फिलिंग का काम करने का निर्देश दिया गया है, यदि मिट्टी फिलिंग नहीं करते हैं तो उन्हें कोरबा से हटाया जाएगा। कमीशनखोरी कर राखड़ डंप किए गए हैं। मैने साफतौर पर कहा है कि अब एक हाईवा राखड़ डंप नहीं होना चाहिए। कहीं भी राख फेंकने की शिकायत आई तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मजदूरों को निर्धारित दर से भुगतान हो, यह भी सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्होने जिस पद का दायित्व मुझे सौंपा हैं, उसे निष्ठा से कार्य करते हुए पूरा करूंगा और पार्टी व मुख्यमंत्री के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। यहां बताना होगा कि तीन दिसंबर को विधानसभा चुनाव का परिणाम आया, तब लखनलाल देवांगन विधायक बन कर रायपुर पहुंचे।

# बोनस राशि मिलने से किसान जनक राम के परिवार में छाई खुशहाली

### बकाया बोनस के रूप में 01 लाख 38 हजार से अधिक की राशि हुई प्राप्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को धान खरीदी का लंबित बोनस राशि प्रदान करने से किसान सहित उनके परिजन प्रफुल्लित हैं। सरकार की बकाया बोनस राशि वितरण की यह महत्वपूर्ण पहल किसानों के घरेलू जरूरतों को पूरा करने सहित बच्चों की पढ़ाई के लिए भी बहुपयोगी साबित हो रही है। कोरबा विकासखंड के ग्राम बरपाली निवासी किसान श्री जनक राम राठिया ने बोनस राशि मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें बोनस राशि के रूप में 01 लाख 38 हजार 840 रुपए प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि वर्ष-2014-15 और 2015-16 में विक्रय किए गए धान की बोनस राशि मिलने की उन्हें उम्मीद नहीं थी। लेकिन किसानों की चिंता करने वाली छत्तीसगढ़ सरकार के इस सार्थक पहल के जरिए किसानों को बड़ी सौगात मिली है। जिससे प्रदेश के लाखों किसान परिवार खुशियां मना रहे हैं। जनक राम ने बताया कि उनकी 36 एकड़ की पैतृक जमीन पर उनके द्वारा कड़ी मेहनत और उन्नत तकनीक अपनाकर वे अपने फसलों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं। जिससे उनका परिवार आत्मनिर्भर बन रहे है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी उनकी धान की पैदावार अच्छी हुई है और लगभग लेकर लगभग 400 क्विंटल धान का विक्रय करेंगे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा : सरकार की योजनाओं से मिले लाभ को बयां कर रहे हैं हितग्राही

**सारंगढ़-बिलाईगढ(विश्व परिवार)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत उनको योजनाओं से हुए लाभ को ग्रामीणों के सामने शिविर में बताया जा रहा है। इन योजनाओं में पीएम आवास योजना (ग्रामीण), आयुष्मान भारत, चिरायु योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन (बिहान), पीएम फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि शामिल हैं। जिला टीम द्वारा संबंधित पोर्टल में विभाग के अनुसार अपलोड भी किया जा रहा है। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम गिरहुलपाली और गोबरसिंघा में वीबीएसवाय कार्यक्रम किया गया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम टाडीपार और पहन्दा में किया गया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम धाराशिव, डोकरीडीह, मुच्छमल्दा और दुम्हानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया। मुच्छमल्दा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुभाष जालान और डॉ दिनेश जांगड़े उपस्थित थे। इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाया गया था।प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ''धरती कहे पुकार के'' के माध्यम से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में शिविर के माध्यम से आमजनों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

### योजनाओं का लाभ उठाने शिविर में लोगों की उमड़ी भीड़

**कोरबा(विश्व परिवार)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत निरंतर जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड कटघोरा के ग्राम खोडरी, बाता एवं जनपद पंचायत करतला के नोनबिर्रा, केरवाद्वारी सहित अन्य जनपदों के निर्धारित ग्रामों में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इसके साथ ही विकासखंड कोरबा के ग्राम नकिया, विमलता, रपता, श्यांग, सरसाडेवा व छिरहूंट में, पोड़ी उपरोडा ब्लॉक के मदनपुर (पुटा), पतुरियाडांड में, विकासखंड पाली के ग्राम माखनपुर और डूमरकछार में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। साथ ही शिविर में आए गए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं। शिविर स्थल पर सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि पार्षदगण तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाथी प्रभावित क्षेत्रों में थर्मल ड्रोन कैमरे से रात में भी होगी अब हाथियों की निगरानी



**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रभावित क्षेत्रों में जनवरी माह से थर्मल ड्रोन कैमरे से हाथियों की निगरानी शुरू हो जाएगी। आचार संहिता के कारण कटघोरा वनमंडल कार्यालय से कैमरे की खरीदी की संविदा को निरस्त करनी पड़ी थी। विभाग के पास वर्तमान में एकमात्र सामान्य ड्रोन कैमरा है, थर्मल कैमरा उपलब्ध होने से रात के समय में हाथियों के गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हे वन क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को शासन से अवगत कराया जाएगा। जिले के कोरबा और कटघोरा वन मंडल के प्रभावित ग्रामीणों व हाथियों की सुरक्षा महज औपचारिक हो रहा है। विभाग में अमलों की कमी होने के कारण अधिकारी अपने दायित्व को पूरा करने में नाकाम हैं। दोनों वन मंडल के रिक्तियों पर गौर करें तो कोरबा में छह व कटघोरा में सात वन परिक्षेत्र हैं। हाथी प्रभावित होने के बाद भी 13 वन परिक्षेत्र में जटगा, चैतमा, लेमरू बालकों अभी तक स्थाई रेंज अफसरों की नियुक्ति नहीं हुई। चारों वन परिक्षेत्र प्रभार पर चल रहे हैं। उससे विकट स्थिति वन रक्षकों के खाली पदों की है। 112 स्वीकृति पदों में 48 पद खाली हैं। जिले वर्ष भर में सबसे अधिक समय हाथी पसान वन परिक्षेत्र में रहते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसे 16 वनक्षेत्र में विभाजित किया गया है। सभी वन क्षेत्रों वन रक्षकों की नितांत आवश्यकता है। यहां सेन्हा, लोकडहा, तिलईडांड़, जलके, कर्री व अड़सरा ऐसे वन क्षेत्र हैं जहां बीते तीन साल से वन रक्षकों के पद खाली हैं। नियुक्ति के अभाव में हाथियों के दल के आवागमन के बारे में सहीं समय में सूचना नहीं मिलती। बताना होगा 50 हाथियों का दल इन दिनों पसान, केंदई व एतमानगर में विचरण कर रहा है। किसानों ने धान की फसल को को काटकर खलिहानों में रख लिया है। ऐसे में हाथी वहीं भी धमक कर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गांव के आसपास हाथियों के विचरण से धान मिसाई का काम बंद हो गया है। बताना होगा कि हाथियों से जानमाल की हो रही नुकसान से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित गांवों में प्रभावितों के लिए आवास और सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा तो की गई लेकिन अब तक पहल शुरू नहीं हुई है। हाथियों संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में फसल नुकसान का दायरा भी बढ़ रहा है। हाथी संरक्षण को लेकर कारगर कदम नहीं उठाए जाने से किसान परेशान हैं। धान कटाई का काम पूरा हो चुका है। खरीफ वर्ष 2023 में अब तक हाथियों के दल ने कटघोरा व कोरबा वन मंडल 2,958 हेक्टेयर धान की फसल को रौंदकर नुकसान पहुंचाया है। यह आंकड़ा बीते वर्ष की तुलना में 558 हेक्टेयर अधिक है। प्रभावित किसानों को 1.23 करोड़ का मुआवजा वितरित किया जा चुका है। वन विभाग केवल मुआवजा वितरण तक सीमित है। वन मंडल क्षेत्र में पर्याप्त कर्मियों की नियुक्ति नहीं होने से हाथी- मानव द्वंद्व बढ़ता जा रहा है। आठ साल पहले लेमरू को हाथी अभयारण्य घोषित कर बजट स्वीकृत किया गया पर हाथियों के रहवास के लिए काम शुरू नहीं हो सका है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाथियों के दल ने ढहाए दो मकान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात बदस्तूर जारी है। यहां के पसान रेंज अंतर्गत पनगंवा गांव में आधी रात को अचानक धमके दो हाथियों ने उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों की मकान को ढहा दिए। जिस समय हाथियों ने यहां धावा बोला, घर मालिक अपने परिवार के साथ सो रहे थे। हाथियों की चिंघाड़ व आने की आहट सुनकर जागे और परिवार समेत अन्य कमरे में छिपकर जान बचाई। बाद में सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्पाती हाथियों को खदेड़ा। खदेड़े जाने पर दोनों हाथी जंगल की ओर चले गए। हाथियों के जंगल जाने पर ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। रात में हाथियों द्वारा तोड़े गए मकान का आज सुबह नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयर की गई। बताया जाता है कि हाथियों ने एक ग्रामीण के घर के बुरी तरह ध्वस्त कर दिया है जबकि दूसरे ग्रामीण के घर को आंशित क्षति पहुंचायी है। इस बीच केंदई रेंज के खडफड़ीपारा सहित विभिन्न स्थानों पर हाथियों का दल झुंडों में बंटकर विचरण कर रहा है। हाथियों के झुंडो में बंटने और विभिन्न स्थानों पर विचरण करने से खतरा बढ़ गया है। वहीं इसकी निगरानी करने में भी वन विभाग को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में हाथी समस्या की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है लेकिन वन विभाग की तमाम कोशिशों के बावजूद समस्या बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। हाथियों ने कटघोरा वनमंडल के पसान, केंदई व एतमानगर रेंज को अपना बसेरा बना लिया है। हाथियों का दल कभी एतमानगर रेंज के गांवों व जंगलों में पहुंच जाता है तो कभी पसान व केंदई रेंज में। इन स्थानों पर पहुंचकर हाथी लगातार उत्पात मचा रहे हैं। धान की फसल के बाद अब अरहर को निशाना बना रहे हैं।

### सुदामा चरित्र की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रोतागण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भिलाई बाजार कोसमभांठा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन शुक्रवार को कथावाचक पं. डॉ. सत्यनारायण तिवारी हिमांशु सारधा लोरमी वाले ने कई प्रसंग सुनाए। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के अन्य विवाह की कथा, भगवान श्रीकृष्ण का रुक्मणी के साथ संवाद, ऊषा-अनिरुद्ध का विवाह, राजा नृग की कथा, पांडवों का राजसूय यज्ञ, जरासंध वध, सुदामा चरित्र, सुदामा पर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा, श्रीकृष्ण का अपने लोक को जाना, कलयुग की कथा, राजा परीक्षित का मोक्ष सहित अन्य कथाओं का श्रवण कराया। सुदामा चरित्र की कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए। आयोजक इस कथा के परायणकर्ता पंडित नीरज तिवारी, उप आचार्य पंडित रामखिलावन पांडे हैं। इस कथा में मुख्य यजमान टेकराम, अहिल्या देवी, देव, भूपत राम, भगवती देवी व अन्य हैं।

### ट्रेन में मिले फकीर ने लूटी इज्जत, गिरफ्तार

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** रतनपुर के समीप ग्राम पौड़ी में एक नाबालिग लडक़ी सडक़ के किनारे रो रही थी। उसे कभी घबराई हुई देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। महिला स्टाफके साथ पहुंचकर पुलिस ने उक्त पीड़िता का मेडिकल चेकअप कराया और उसके परिजनों को सूचना दी। महिला पुलिस अधिकारी को पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि वह घर में किसी बात से नाराज होकर निकल गई थी और कटनी की ओर जाने वाली ट्रेन में बैठ गई थी। रास्ते में एक व्यक्ति मिला जिसने अपने आप को फकीर बताया। उसने उसे बेलगहना में उतार लिया और अपने साथ घर ले गया। घर में उसके परिवार के लोग भी थे। अगले दिन वह पीड़िता को अपने साथ लेकर निकला। उसे जंगल की ओर ले गया जहां उसके साथ आरोपी फकीर ने दुष्कर्म किया। जब नाबालिग रोने लगी तो उसे जंगल में ही छोडक़र भाग गया। रोटी भी लगता किसी तरह नाबालिग सडक़ किनारे पहुंची। पुलिस ने खोजबीन के बाद आरोपी फकीर मोमिद शा गोपाल खडिय़ा को बेलगहना में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफपोक्सो एक्ट और आईपीसी 363, 377 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। कोर्ट ने उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### कामगारों की पदोन्नति के लिए प्रयास

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में काम करने वाले कामगारों की पदोन्नति के लिए एसईकेएमसी जोरदार प्रयास कर रहा है। आईआर बैठक में इस मामले को जोर शोर उठाया गया। छंद राम राठौर जीवराखन चंद्रा अनिल राठौर, शिशु पाल केंवट, राम कुमार चंद्रा, दशरत साहू, सहदेव जाटवर , ने कहा कि अनेको कर्मचारी पदोन्नति की राह देख रहे है। समय पर पदोन्नित नहीं होने से किनके वेतन पर असर पड़ता है। इसी तरह मोटर साइकिल व साइकल स्टैड को व्यवस्थित करने की मांग की गई।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर, सोमवार 01 जनवरी 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

### मुआवजे तक में मुश्किल

यह भारत में मानवीय गरिमा के प्रति बेरुखी का प्रमाण है कि देश में आज भी हजारों लोग सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई करने के लिए उनमें उतरने के लिए मजबूर हैं, जबकि 2013 में ही इस चलन पर कानूनन प्रतिबंध लगा दिया गया था। भारत में आज इंसान के हाथों सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई बड़ी समस्या बनी हुई है। असल में यह देश के चेहरे पर एक बदनुमा दाग भी है। यह भारत में मानवीय गरिमा के अनादर और उसके प्रति बेरुखी का प्रमाण है कि देश में आज भी हजारों लोग सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई करने के लिए उनमें उतरने के लिए मजबूर हैं, जबकि साल 2013 में ही इस चलन पर कानूनन प्रतिबंध लगा दिया गया था। जाहिर है, वह पाबंदी सिर्फ कागज पर सिमट कर रह गई है। संसद के हाल में खत्म हुए सत्र में सरकार ने बताया कि इस साल 20 नवंबर तक सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान 49 मौतें दर्ज की गईं। अब ताजा खबर यह है कि सीवर में उतरने के कारण जो मजदूर मर जाते हैं, उन्हें मुआवजा देने में अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई जाती। इसी साल अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने सीवर की सफाई के दौरान होने वाली मौतों के बारे में एक अहम आदेश जारी किया था। कोर्ट ने कहा था कि जो लोग सीवर की सफाई के दौरान मारे जाते हैं, उनके परिवार को सरकार को 30 लाख रुपए की सहायता देनी होगी। सीवर की सफाई के दौरान स्थायी विकलांगता के शिकार होने वाले मजदूरों को न्यूनतम 20 लाख रुपए और किसी अन्य विकलांगता से ग्रस्त कर्मियों को 10 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश न्यायालय ने दिया। इसके पहले 2014 में भी सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश दिया था, जिसमें मृतकों को दस लाख रुपए की सहायता देने को कहा गया था। अब सामने आया है कि 1993 से इस साल 31 मार्च तक देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सीवर में होने वाली मौतों की 1,081 घटनाओं में से 925 मामलों में ही मुआवजे का भुगतान किया गया है। यह आंकड़ा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने दिया है।

## युवाओं में बढ़ता ऑब्सेसिव लव डिसआर्डर

डा. वरिंदर भाटिया

आत्मविश्वास की कमी और असुरक्षा की भावना भी ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर की बड़ी वजहें हैं। ऐसा भी देखने में आया है कि जिन लोगों को बचपन और किशोरावस्था में परिवार या करीबियों का प्यार नहीं मिलता, बाद में वो कभी न कभी ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर से गुजरते हैं। हमारा सामाजिक ढांचा ऐसा है कि यहां पुरुष अपनी भावनाएं ज्यादा आसानी से जाहिर कर लेते हैं, जबकि महिलाओं के लिए ये आसान नहीं होता। शायद यही वजह है कि पुरुषों का ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर अक्सर गंभीर स्तर पर पहुंच जाता है। वो लड़कियों का पीछा करने, उन्हें नुकसान पहुंचाने तक करने लग जाते हैं। दूसरी तरफ लड़कियां सोशल मीडिया का सहारा लेती हैं। यूं तो ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर को काबू नहीं किया जा सकता है, लेकिन इस नामुराद जुनून को मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग के जरिए कम किया जा सकता है देश में अनेक युवा ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर नाम की मानसिक बीमारी की गिरफ्त में हैं। अधेड़ उम्र के व्यक्ति भी इससे अछूते नहीं रहते हैं। नामवर अमरीकी हेल्थ वेबसाइट 'हेल्थलाइन' के मुताबिक ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर एक तरह की साइकोलॉजिकल कंडीशन है जिसमें लोग किसी एक शख्स पर असामान्य रूप से मुग्ध हो जाते हैं और उन्हें लगता है कि वो उससे प्यार करते हैं। उन्हें ऐसा लगने लगता है कि उस शख्स पर सिर्फ उनका हक है और उसे भी बदले में उनसे प्यार करना चाहिए। अगर दूसरा शख्स उनसे प्यार नहीं करता तो वो इसे स्वीकार नहीं कर पाते। वो दूसरे शख्स और उसकी भावनाओं पर पूरी तरह काबू पाना चाहते हैं। ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर के कुछ खास लक्षण इस प्रकार के हैं, जैसे दूसरों से भी उस खास की बातें करना, उस खास का जिक्र करने का कोई बहाना ढूंढना, किसी खास की वजह से बाकी रिश्तों को भूल जाना, उस विशेष को बार-बार मैसेज या कॉल करना, उसका पीछा करना, सोशल मीडिया पर उसे स्टॉक करना, उसे ब्लैकमेल करना, किसी भी




तरह अपना प्रस्ताव मनवाने की कोशिश करना। बता दें कि किसी का पीछा करना, ब्लैकमेल करना, लगातार मैसेज और कॉल के जरिये तंग करना आदि को 'स्टॉकिंग' कहते हैं। ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर कई प्रकार के हो सकते हैं, जैसे कि 'अटैचमेंट डिसऑर्डर'। इसकी वजह से लोगों में अपनी भावनाओं और किसी से जुड़ाव को काबू करने में परेशानी होती है। कई बार वो दूसरों से जरूरत से ज्यादा दूर हो जाते हैं और कई बार दूसरों पर जरूरत से ज्यादा निर्भर। ऐसा बचपन या किशोरवास्था के बुरे पारिवारिक रिश्तों या कड़वे अनुभवों की वजह से भी हो सकता है। दूसरे स्थान पर बॉर्डरलाइन पर्सनैलिटी डिसऑर्डर होता है। इसे 'इमोशनली अनस्टेबल पर्सनैलिटी डिसऑर्डर' भी कहा जाता है। इसकी वजह से लोग अपनी भावनाओं को समझने में कठिनाई का अनुभव करते हैं। उनमें रिश्तों को लेकर डर और असुरक्षा की भावना भी होतीी है। बॉर्डरलाइन पर्सनैलिटी डिसऑर्डर से जूझ रहे शख्स को ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर होने की आशंका बढ़ जाती है। तीसरी प्रकार का डिसऑर्डर इरोटोमेनिया कहलाता है। इरोटोमेनिया से ग्रसित शख्स को ऐसा भ्रम (डिल्यूजन) होता है कि दूसरा शख्स उससे प्यार करता है, जबकि असल में ऐसा नहीं होता। इरोटोमेनिया की वजह से भी ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर होने का खतरा बढ़ जाता है। ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर (ओल्ड) एक साइकोलॉजिकल कंडीशन है, जिसमें मरीज किसी एक व्यक्ति पर असामान्य रूप से मुग्ध हो जाता है और उसे लगता है कि वो उससे प्यार करता है और उस पर सिर्फ उसी का हक है। बदले में वो जुनूनी प्यार की कल्पना करता है। क्या आप हमेशा अपने पार्टनर के बारे में सोचते रहते हैं। क्या आप सोचते हैं कि वो इस वक्त क्या कर रहा होगा, बाथरूम जाने का वक्त, खाना खाने का वक्त, नहाने का वक्त, उसकी हर चीज के बारे में सोचते हैं। जब आपका दिमाग हर समय खुद को भूलकर सिर्फ अपने बारे में सोचने लगे तो समझ जाएं कि ये अलर्ट होने का संकेत है, क्योंकि ये ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर का पहला लक्षण है। पार्टनर पर थोड़ा सा अधिकार होना स्वाभाविक है, लेकिन जब आप उसे निर्देश देने लगें कि आपको उसकी क्या चीज पसंद नहीं है या जब वो आपकी अनुपस्थिति में अपने सबसे अच्छे दोस्तों से मिले, तो आपको पसंद न आए। आपका पार्टनर ऑफिस के सहयोगियों या बॉस के साथ लंच-डिनर पर जाए और आपको पसंद न आए। आपके सामने वो अपने पुराने पार्टनर की बातें करें या दूसरों को उसके करीब देखकर आपको जलन होने लगे तो समझ जाएं आप उनको लेकर बहुत पजेसिव हो गए हैं। आपकी टोका-टाकी और इस तरह का व्यवहार आपके रिश्ते के लिए खतरा बन सकता है। क्या आप अपने पार्टनर को लगातार मैसेज, कॉल्स या मेल करते हैं। आप निरंतर उनके संपर्क में रहने की कोशिश करते हैं। आप जानने की कोशिश करते हैं कि वे किसके साथ हैं या क्या कर रहे हैं, तो समझ जाएं कि आपको ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर हो गया है। यदि आप किसी के प्यार में हैं और अपने उस पार्टनर के प्रति इतने आसक्त हैं कि आपको अपने आसपास के लोगों से कोई फर्क नहीं पड़ता। आप अपने दोस्तों, परिवार और समाज से भी खुद को काट लेते हैं तो ये ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर का लक्षण है। पार्टनर कहां जा रहा है, किससे मिल रहा है, इतनी देर से फोन पर क्यों और किससे बात कर रहे हो, उससे इतनी बार क्यों मिलते हो (भले ही समान लिंग और सिर्फ दोस्त हों), जब ये प्रश्न पूछे जाने लगें तो समझ लें कि ये खतरे की घंटी है। मनोवैज्ञानिक मत है कि आम तौर पर ऊपर बताई गई भावनाएं लोगों में उस वक्त भी देखने को मिलती हैं जब वो इश्क या फिर उलफत में होते हैं, लेकिन जब ये भावनाएं सामान्य रूप से बढ़ जाएं तो मुमकिन है कि शख्स ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर से गुजर रहा हो। ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर का सम्बन्ध दूसरी मानसिक तकलीफों से भी हो सकता है। साइकियाट्रिक के अनुसार ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर की कोई एक ही वजह हो, ऐसा जरूरी नहीं है। कई बार इसका संबंध कई तरह की अन्य मानसिक तकलीफों से भी होता है। आत्मविश्वास की कमी और असुरक्षा की भावना भी ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर की बड़ी वजहों में शामिल हैं। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति न सिर्फ स्वयं को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि दूसरे इनसान को भी मुश्किल में डाल रहा होता है। आत्मविश्वास की कमी और असुरक्षा की भावना भी ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर की बड़ी वजहें हैं। ऐसा भी देखने में आया है कि जिन लोगों को बचपन और किशोरावस्था में परिवार या करीबियों का प्यार नहीं मिलता, बाद में वो कभी न कभी ऑब्सेसिव लव डिसऑर्डर से गुजरते हैं। हमारा सामाजिक ढांचा ऐसा है कि यहां पुरुष अपनी भावनाएं ज्यादा आसानी से जाहिर कर लेते हैं, जबकि महिलाओं के लिए ये आसान नहीं होता।

## विचार

### रामोत्सव 2024 (लोकार्पण-शिलान्यास) विकास के क्षितिज पर नई अयोध्या का उदय

**अयोध्या।** विकास के क्षितिज पर शनिवार से नई अयोध्या का उदय हुआ, जब प्रधानमंत्री ने राम नगरी से 15,700 करोड़ की 46 बड़ी परियोजनाएं अयोध्या- प्रदेश व देश को समर्पित की। इसी के साथ विकास के नए युग का प्रारंभ हो गया। त्रेता युग में पुष्पक विमान वाली अयोध्या को कलियुग में शंखनाद व राजा राजा के उद्घोष संग महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सौगात मिल गई। अयोध्या से बड़ा कोई धाम नहीं, राम से बड़ा कोई नाम नहीं। यहां लघु फिल्म के जरिए अयोध्या की विकास यात्रा दिखाई गई।

- **पीएम मोदी ने 15,700 करोड़ की 46 बड़ी परियोजनाएं कीं समर्पित**
- **राम की नगरी से पीएम ने देश को दिया विकास का नया संदेश**

#### लोकार्पित होने वाली अन्य प्रमुख परियोजनाएं

- अमेठी के त्रिसुंडी रिफाइनरी की 11 टीएमटीपीए से 60 टीएमटीपीए तक क्षमता उच्चीकरण
- जाजमऊ टेनरी कलस्टर के लिए 20 एमएलडी सीईटीपी की स्थापना
- कानपुर के पनखा में 30 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का विकास
- जाजमऊ जोन में 130 एमएलडी एसटीपी तथा सीवेज ट्रीटमेंट अवस्थापना सुविधाओं का पुनर्विकास
- एनएच-330 ए का जगदीशपुर-फैजाबाद खंड
- एनएच-730 के खुटार-लखीमपुर खंड के किमी 82 से किमी 140 तक का सुदृढीकरण एवं उच्चीकरण ज़ एनएच- 233 के गोसाई का बाज़ार बाईपास (किमी 240.340) से वाराणसी (किमी 299.350) तक फोर लेन
- जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत चार खंडों का दोहरीकरण
- मल्हौर-डालीगंज रेलखंड का विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण
- राम पथ (सहादतगंज से नया घाट तक)
- भक्ति पथ (अयोध्या मुख्य मार्ग से हनुमान गढ़ी होते हुए श्री राम जन्मभूमि तक)
- धर्म पथ (एनएच-27 से नया घाट पुराने पुल तक)
- राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
- एनएच-27 बाईपास महोबरा बाजार होते हुए टेढ़ी बाजार श्रीराम जन्मभूमि तक 4 लेन सड़क
- महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल (पूर्वी एवं पश्चिमी)
- सहादतगंज- नया मार्ग घाट-श्री राम जन्मभूमि तक सड़क
- कलेक्ट्रेट में लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन बहुमंजिला पार्किंग
- सोहावल क्षेत्र के ग्रामसभा-पिखरौली में सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट
- अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्लेक्स
- बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिगामी सेतु
- अयोध्या-सुलतानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-330 से एयरपोर्ट तक 4 लेन सड़क

#### शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

- एनएच-27 के लखनऊ-अयोध्या खंड में किमी 8.000 से किमी 121.600 तक का ईपीसी मोड में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- एनएच-27 पर अयोध्या बाईपास के किमी 121.600 से किमी 144.020 तक ईपीसी मोड में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण
- ग्रीनफील्ड टाउनशिप परियोजना
- वशिष्ठ कुंज आवासीय परियोजना
- नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण कार्यालय भवन सीपेट केंद्र
- गुप्तार घाट एवं राजघाट के मध्य नए पक्के घाटों एवं पूर्व निर्मित घाटों का पुनरुद्धार
- राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा
- राम की पैड़ी से रामघाट तक, राजघाट से श्री राम जन्मभूमि मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार
- 4 ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण।

## विपक्ष के लिए नाम प्रोजेक्ट करना जरूरी नहीं

अजीत द्विवेदी

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन में अब इस बात पर बहस हो रही है कि अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुकाबले विपक्ष की ओर से कौन चेहरा होगा? कुछ समय पहले तक लग रहा था कि यह मुद्दा नहीं बनेगा, लेकिन 'इंडिया' की नई दिल्ली में हुई चौथी बैठक में अनायास ममता बनर्जी ने यह मुद्दा उठा दिया। उन्होंने प्रस्तावित किया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना कर विपक्ष को चुनाव लड़ना चाहिए। अरविंद केजरीवाल ने इसका समर्थन किया। यह गठबंधन के भीतर बने दबाव समूह का काम था, जिसका निशाना राहुल गांधी की दावेदारी सामने आने से पहले ही उसे पंक्चर करने का था। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि उसके बाद से यह चर्चा शुरू हो गई है और अखबारों में लेख लिखे जाने लगे हैं कि विपक्ष के लिए क्या अच्छा होगा। राजनीतिक विश्लेषकों की जमात इस पर बंटी हुई है लेकिन ज्यादातर ने खड़गे का समर्थन किया है और नरेंद्र मोदी के मुकाबले उनका चेहरा पेश करके लड़ने को अच्छा विकल्प माना है। इस बहस से दो सवाल खड़े होते हैं। पहला, क्या सचमुच विपक्षी गठबंधन को प्रधानमंत्री पद का दावेदार पेश करके चुनाव लड़ना चाहिए? और दूसरा, अगर दावेदार पेश करना है तो क्या खड़गे सबसे अच्छा विकल्प हैं? दूसरे सवाल का जवाब बहुत आसान है लेकिन उस पर बाद में आएंगे। पहले इस सवाल पर विचार की जरूरत है कि क्या विपक्ष को चेहरे की जरुरत है? इसका भी जवाब बहुत जटिल नहीं है। विपक्ष को नरेंद्र मोदी के मुकाबले कोई चेहरा पेश करने की जरुरत नहीं है। इसके कई ठोस कारण हैं। पहला कारण तो यह है कि विपक्ष के पास अभी जो चेहरे हैं वो मोदी का विकल्प नहीं हो सकते हैं। उन्हीं चेहरों की प्रतिक्रिया में तो जनता मोदी को लगातार चुन रही है। जब भी किसी व्यक्ति से मोदी के विकल्प के बारे में बात करें तो वह कहता मिलेगा कि मोदी को नहीं तो क्या राहुल को चुन दें, केजरीवाल को चुन दें, मायावती को चुन दें या लालू को चुन दें। उसकी बातों से ऐसा प्रतीत होगा कि वह राजनीति के तमाम पुराने चेहरों से ऊबा हुआ है और उनकी प्रतिक्रिया में मोदी को चुन रहा है। मोदी के मुकाबले कोई बहुत लोकप्रिय और स्वीकार्य चेहरा नहीं होने के अलावा कोई चेहरा उतारने में दूसरी समस्या यह है कि ज्यादातर चेहरों को केंद्र सरकार की एजेंसियों की कार्रवाई और मीडिया के प्रचार से भ्रष्ट या परिवारवादी साबित किया जा चुका है। कांग्रेस से लेकर आम आदमी पार्टी, सपा, राजद, डीएमके, शिव सेना, एनसीपी सहित तमाम विपक्षी पार्टियों के ऊपर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई चल रही है। सबको ईडी या सीबीआई ने बुला कर पूछताछ किया है या पूछताछ के लिए समन जारी किया हुआ है। अगर ऐसा कोई नेता प्रोजेक्ट होता है तो उससे कोई सकारात्मक मैसेज नहीं बनेगा और उलटे चेहरा सामने आते ही केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो जाएगी। तीसरी समस्या यह है कि जैसे ही एक चेहरा प्रोजेक्ट होगे वैसे ही बाकी प्रादेशिक पार्टियों और उनके समर्थकों की चुनाव में दिलचस्पी खत्म हो जाएगी। जिस राज्य का नेता प्रोजेक्ट किया जाएग उस राज्य में तो हो सकता है कि माहौल उसके पक्ष में बने लेकिन बाकी राज्यों में उसके नाम पर वोट मिलने की संभावना बहुत कम हो जाएगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि विपक्षी गठबंधन की पार्टियों में किसी के पास ऐसा नेता नहीं है, जो पिछले 20 साल या उससे ज्यादा समय से देश का प्रधानमंत्री बनने की तैयारी में राजनीति कर रहा हो या जिसकी पूरे देश में अपील हो। नरेंद्र मोदी नब्बे के दशक से यह राजनीति कर रहे थे। ढाई दशक की तैयारी और प्रतीक्षा के बाद वे प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर प्रस्तुत हुए थे। विपक्ष के पास ऐसा कोई नेता नहीं है। मोदी ने अपनी ब्रांडिंग हिंदुत्व के अखिल भारतीय आईकॉन की तरह की थी। लेकिन विपक्ष के किसी नेता की अखिल भारतीय राजनीति को ध्यान में रख कर ऐसी ब्रांडिंग नहीं हुई है। राहुल गांधी इसके अपवाद हैं। कांग्रेस के अखिल भारतीय जनाधार और उनकी भारत जोड़ो यात्रा से उनकी ब्रांडिंग ऐसी हुई है। लेकिन उनके साथ मुश्किल यह है कि भाजपा ने अपने प्रचार के दम पर पिछले 10 साल में उनको नासमझ और अपरिपक्व नेता के तौर पर ब्रांड किया है और साथ ही यह धारणा बनवाई है कि वे जबरदस्ती राजनीति में उतारे गए हैं। ऊपर से नेशनल हेराल्ड केस का मामला है, जिसमें वे जमानत पर हैं। तीसरे, उनकी मां सोनिया गांधी की पृष्ठभूमि के जरिए राहुल को इटली से जोड़ा जाता है। राहुल के अलावा विपक्ष के लगभग सभी नेता अपने राज्य और जाति-समुदाय के दायरे में बंधे हुए हैं। इसलिए मोदी के मुकाबले किसी को भी पेश करते ही पलड़ा मोदी के पक्ष में झुक जाएगा। एक तरफ मोदी की लार्जर दैन लाइफ छवि है, जिसे बड़ी मेहनत से गढ़ा गया है तो दूसरी ओर एक एक राज्य में सिमटे ऐसे नेता हैं, जिनकी छवि भ्रष्ट और परिवारवादी नेता की बना दी गई है। अब सवाल है कि विपक्ष अगर चेहरा पेश करके नहीं लड़ता है उसके क्या फायदे और नुकसान हैं? नुकसान तो यह है कि अगर विपक्षी पार्टियां किसी नेता को प्रोजेक्ट करके चुनाव नहीं लड़ती हैं तो भाजपा बार बार पूछेगी कि मोदी के मुकाबले विपक्ष का चेहरा कौन है? विपक्षी बारात का दूल्हा कौन है यह भी पूछा जाएगा। लेकिन 'मोदी के मुकाबले अमुक' की बजाय 'मोदी के मुकाबले कोई नहीं' का नैरेटिव कम नुकसानदेह है। क्योंकि तब विपक्षी गठबंधन की तमाम प्रादेशिक पार्टियां अपने अपने राज्य में अपने नेता के नाम पर चुनाव लड़ पाएंगी। प्रादेशिक नेता अपने असर वाले राज्य में नैरेटिव बना सकते हैं ।

## आधुनिकता के नाम पर अपनी संस्कृति को न भूलें

(नए लक्ष्य, नए आईडियाज के साथ करें नए वर्ष का स्वागत)

-डॉ सुनील जैन

अंग्रेजी वर्ष 2023 को अलविदा, 2024 का स्वागत। नया साल दुनिया में सबसे अधिक मनाया जाने वाले दिनों में से एक है। इस दिन को अलग-अलग रीति-रिवाजों और परंपराओं से आकार दिया जाता है। इस दिन पर नए साल के मंगलमय गुजरने की खुशी में और आने वाले साल की अच्छी कामना के लिए संकल्प लिया जाता है। यूं तो पूरे विश्व में नया साल अलग-अलग दिन मनाया जाता है और भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में भी नए साल की शुरूआत अलग-अलग समय होती है। लेकिन अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 1 जनवरी से नए साल की शुरूआत मानी जाती है। चूंकि 31 दिसंबर को एक वर्ष का अंत होने के बाद 1 जनवरी से नए अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष की शुरूआत होती है। इसलिए इस दिन को पूरी दुनिया में नया साल शुरू होने के उपलक्ष्य में त्यौहार की तरह मनाया जाता है। चूंकि साल नया है, इसलिए नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य, नए आईडियाज के साथ इसका स्वागत किया जाता है। नया साल मनाने के पीछे मान्यता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए, तो साल भर इसी उत्साह और खुशियों के साथ ही बीतेगा।






#### भारत में नववर्ष

भारत कैलेंडरों के मामले में कम समृद्ध नहीं है। इस समय देश में विक्रमी संवत, शक संवत, हिजरी संवत, फसली संवत, बांग्ला संवत, बौद्ध संवत, जैन संवत, खालसा संवत, तमिल संवत, मलयालम संवत, तेलुगु संवत आदि अनेक प्रचलित हैं। इनमें से हर एक के अपने अलग-अलग नववर्ष होते हैं। देश में सर्वाधिक प्रचलित संवत विक्रमी और शक संवत हैं। माना जाता है कि विक्रमी संवत गुप्त सम्राट विक्रमादित्य ने उज्जयनी में शकों को पराजित करने की याद में शुरू किया था। यह संवत 58 ईसा पूर्व शुरू हुआ था। विक्रमी संवत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होता है। इसी समय चैत्र नवरात्र प्रारंभ होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन उत्तर भारत के अलावा गुड़ी पड़वा और उगादी के रूप में भारत के विभिन्न हिस्सों में नव वर्ष मनाया जाता है। सिंधी लोग इसी दिन चेटी चंद्र के रूप में नववर्ष मनाते हैं। शक सवंत को शालीवाहन शक संवत के रूप में भी जाना जाता है। माना जाता है कि इसे शक सम्राट कनिष्क ने 78 ईस्वी में शुरू किया था। स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने इसी शक संवत में मामूली फेरबदल करते हुए इसे राष्ट्रीय संवत के रूप में अपना लिया। सबसे प्राचीन संवत की बात की जाय तो सबसे प्राचीन संवत जैन संवत- वीर निर्वाण संवत है, इसके पुख्ता प्रमाण भी हैं। जैन परंपरा में भगवान महावीर स्वामी के निर्वाणोत्सव के अगले दिन से नए वर्ष का शुभारंभ माना जाता है।पश्चिम से आये अंग्रेजी वर्ष के पहले दिन का स्वागत हम भोग, विलास के आयोजनों से करते हैं। इस दिन खासतौर से हमारा युवा वर्ग न जाने कितने अनैतिक कार्यों में लिप्त होकर इसका स्वागत करता है। जबकि होना यह चाहिए कि हम नव वर्ष का स्वागत नए संकल्प और अच्छे कार्यों के साथ करें। इस दिन को पूजा, प्रार्थना और परोपकार के कार्यों लगाना चाहिए ताकि पूरा वर्ष हमें एक नई दिशा दिखाए, उन्नति के नई सूत्र हमें प्राप्त हों पर अफसोस हमारा युवा वर्ग पश्चिमी आवोहवा इतना बह गया है कि वह अपना विवेक खोता जा रहा है। पश्चिमी संस्कृति हमारे संस्कारों का गला घोंट रही है।आज हम आधुनिकता की अंधी दौड़ में भागे जा रहे है। अंग्रेजी सभ्यता में गुम होकर अपने गौरव व सांस्कृतिक मूल्यों को खोते जा रहे है। नया वर्ष मनाने की सार्थकता तो तभी है जब हम इस दिन असहाय की मदद करें, अपने धन का सदुपयोग करें , जरूरतमंदों के सहारा बनें, प्रभु प्रार्थना करें कि यह वर्ष खुशियों से भरा हो, दु:खद अतीत वापस न आये, पर्यावरण के संरक्षण में योगदान , माता पिता के सम्मान , स्वच्छता की सपथ लेने के संकल्प लें। हमारे पूज्य संत भी अब युवा पीढ़ी को जागरूक कर रहे हैं। 1 जनवरी को अब अनेक जगह विविध धार्मिक आयोजन होने से युवा पीढ़ी को अंग्रेजी नव वर्ष के प्रथम दिवस भोग-विलास की जगह धर्म से जोड़ रहे हैं, यह अच्छी पहल है। नव वर्ष का दिन सभी लोगों को बताता है कि अब हमें बीते हुए साल को खुशी खुशी विदा कर देना चाहिए और खुशी-खुशी नए साल का स्वागत करना चाहिए। जीवन में हमेशा अतीत को भुलाकर वर्तमान के विषय में सोचना चाहिए जिससे हमारा आने वाला भविष्य उज्जवल बने। वर्तमान दौर में देश की आबोहवा बदल रही है। मैं यह नही कहता कि हम दूसरों की संस्कृति और सभ्यता का अपमान करें। हम तो उस संस्कृति से आते है जहां बहुजन हिताय बहुजन सुखाय का शोर गूँजता है। लेकिन, इसका ये मतलब कतई नहीं कि हम आधुनिकता के नाम पर अपनी ही संस्कृति को भूला दें। 2023 हमसे बिछड़ गया है, यादों के झुरमुट में कुछ पन्ने और जुड़ जाएंगे...खट्टी मिट्टी यादों के साथ कैलेंडर बदल गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कनकनाती ठंड में पदयात्रा कर पटना सिटी पहुंचा दिगम्बर जैन संतों का जत्था



**पटना सिटी ( विश्व परिवार )।** तप, त्याग, साधना की प्रतिमूर्ति तपस्वी संत मुनि श्री 108 महिमा सागर जी महाराज ससंघ 4 निर्गन्थ जैन मुनि और 3 साध्वी के ससंघ का रविवार को हाजीगंज स्थित पारसनाथ दिगम्बर जैन गुरारा मंदिर में हुआ। मीडिया प्रतिनिधि प्रवीण जैन ने बताया कि रात्रि विश्राम कमलदह दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र गुलजारबाग में हुआ। जैन साधु-संतों का भव्य स्वागत पटना जैन समाज ने पाद प्रक्षालन, मंगल आरती कर किया। महिलायें मस्तक पर मंगल कलश लिये जयकारा गुरुदेव की जयघोष कर रही थी। दिगम्बर जैन मुनि की चर्या बहुत कठिन होती है, कड़ाके की ठण्ड में भी अपने तन पर एक वस्त्र तक धारण नही करते, 24 घंटे में एक बार ही आहार ग्रहण करते है, नंगे पॉव पदयात्रा करते है। प्रतिदिन लगभग 30 किज़्मीज़ पैदल विहार करते है। सम्मेद शिखर जी झारखण्ड से चलकर मंदारगिरी, पावापुरी, कुण्डलपुर, राजगीर पंचतीर्थ की यात्रा कर महामुनि श्री सेठ सुदर्शन स्वामी की निर्वाण भूमि कमलदह पटना पहुंचे है। जैन मुनि के जत्था में परम पूज्य मुनि श्री 108 महिमा सागर जी महाराज ससंघ में मुनि श्री अजित सेन जी महाराज, मुनि श्री दिव्यसेन जी महाराज, मुनि श्री परम सागर जी महाराज जैन साध्वी आर्यिका श्री 105 सुग्रीव मति माता जी, आर्यिका श्री सुभद्रा मति माता जी, क्षुल्लिका सम्मेद श्री माता जी ससंघ शामिल है। **-प्रवीण जैन**

### आचार्य श्री विमल सागर जी महाराज का 19वां समाधि दिवस मनाया



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** वात्सल्य वरिधि, निमित्त ज्ञानी आचार्य 108 श्री विमल सागर महाराज का समाधि दिवस स्थानीय बीस पंथी श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मैं धूमधाम से शुक्रवार, 29 दिसंबर को आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर शांतिनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक एवं आचार्य श्री की पूजन अर्चना की गई। समाज के संजीव जैन संजीवनी ने बताया कि समाधि दिवस के अवसर पर सैकड़ो भक्तजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे भजन गायक पंकज जैन द्वारा आचार्य श्री की आराधना स्तुति प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम के प्रमुख आयोजन लाभार्थी अशोक कुमार अशर्फी लाल परिवार रहा सभी उपस्थित भक्त जनों में प्रभावना बांटी गई। इस अवसर पर समाज के हेमंत दोषी, राजेश पांडया, कमल जैन, अर्पित जैन वाणी, गायक मयूर जैन, स्मिता जैन, चंद्रकला जैन एवं प्रबुद्ध जन महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। **-संजीव जैन संजीवनी**

### सुशासन दिवस से शुरू हुए स्वच्छता अभियान का असर, चौक-चौराहे, तालाब, बाजार की बदली तस्वीर

**रायपुर ( विसं )।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर पर प्रतिवर्ष की भांति इस इस वर्ष भी पूरे देश में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसके साथ ही सभी नगरीय क्षेत्रों सहित ग्राम पंचायत क्षेत्रों में एक सप्ताह तक सघन स्वच्छता अभियान की भी शुरुआत की गई। स्वच्छता अभियान की शुरुआत से ही जिलेभर में प्रतिदिन अनेक स्थलों की सफाई की गई। स्वच्छता अभियान अंतर्गत नगर निगम अम्बिकापुर के शहरी क्षेत्रों, बाजारों, वार्डों, तालाबों, चौक-चौराहों की साफ-सफाई की गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में भी स्वच्छता अभियान के तहत लोगों ने स्वच्छता में योगदान देने बढ़चढ़ कर पूरे सप्ताह हिस्सा लिया और श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के महत्व को बताने के साथ ही जागरूक भी किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत विद्यायल, महाविद्यालयों में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने साफ-सफ़ाई कर स्वच्छता का संदेश दिया ।वहीं जनप्रतिधियों, आमजनों, अधिकारियों द्वारा भी श्रमदान किया गया। स्वच्छता अभियान के अंतिम दिन रविवार को नगर निगम अम्बिकापुर के मैरीन ड्राइव तालाब एवं मरीन ड्राइव बाजार में सफाई अभियान आयोजित किया गया।

## अपराधों के जनक-पांच पापों से बचें : मुनिश्री अजीत सागर जी महाराज

### सागर जेल में मुनिगणों के प्रवचन से बही ज्ञान गंगा




**सागर ( विश्व परिवार )।** केन्द्रीय जेल सागर में मुनि श्री 108 अजित सागर महाराज संसघ एंव आर्यिका श्री दृढ़मति माता जी संसघ की आगवानी रविवार को हाथकरधा केन्द्र पर हुई। सागर जेल में चल रहे हाथकरधा सेंटर का अवलोकन मुनिजन एवं आर्यिका माताजी ने किया। प्रवचन श्रृंखला में आर्यिका दृढ़मति माता जी ने अपने प्रारंभिक प्रवचनों में दो लाइनें गाकर बंदियों भाईयों का उत्साह बढ़ाया। आपने बताया गुरू ने जहाँ-जहाँ भी ज्योत जलाई है। काले-काले बादलों में रोशनी सी छाई है। अखियों को खोलकर जरा ज्ञान में उजाले में रख विश्वास इस जग रखवालें में। कितनी ही बार मैंने तुझे समझाई है, गुरू के सिवा हर चीज पराई है। इसी प्रकार मुनि निर्लोभ सागर जी महाराज ने पाचों पापों की विशद व्याख्या की आपने बताया कि इन पापों का इस संसार में ही फल नहीं मिलता हमें नरकों में जाकर भी इन पाँच पापों की यातनाएं भोगना पड़ती है। अत: पापों से बचना चाहिए। मुनि श्री निर्दोष सागर जी महाराज ने अपने प्रवचनों में बताया कि क्रोध आ जाये तो रूक जाये, गलती हो जाये तो झुक जायें। महाराज जी ने बताया कि जीवन में मित्र बनाये तो हाथ और आँख जैसे होना चाहिए। जब शरीर में हाथ आदि में चोट लगती है तो आंख रोती है और जब आँख रोती है तो हाथ आसुओं को पोछतें है। मुनि अजित सागर महाराज ने अपने प्रवचनों में बंदी भाईयों को संबोधन देते हुए कहा कि पैर में मोच हो और इंसान की खराब सोच उन्हें आगे नहीं बढ़ने देती है। आपने कहा कि प्रभु का नाम लो सहारा मिलेगा, गुरू का नाम लो तो किनारा मिलेगा, मॉ का नाम लो तो इशारा मिलेगा। प्रवचन का मंगलाचरण कैदी भाई राम सिंह ने किया और मध्यम मंगलाचरण कैदी भाई मुकेश ने किया। आभार प्रदर्शन जेलर मांगी लाल पटैल द्वारा किया गया। आपने आभार प्रदर्शन में बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आर्शीवाद से जेल में हाथकरघा का प्रकल्प प्रांरभ किया गया इसलिए सागर में जब भी महाराज जी, माता जी आते है तो हमारी जेल के बंदी भाईयों को सत्संग का लाभ मिलता है साधूओं के चरण पढ़ने से जेल पवित्र होती है सकारात्मक ऊर्जा बढ जाती है। जेलर मांगी लाल पटैल, उपजेलर पंकज कुशवाहा का हाथकरघा कमेटी द्वारा किया गया । चित्र अनावरण एंव द्वीप प्रज्जवलन की कार्यवाही डॉ. मनीष जैन, डॉ. अमित जैन, श्रेयांस जैन एंव जेलर द्वारा की गई। जेल के बंदियों को मिष्ठान वितरण अविजित समूह के सदस्यों द्वारा लड्डू बांटकर किया गया। बंदियों को समय का जेल में सुदप्रयोग हो सकें और अधिक से अधिक से मंत्रों की जाप हो इसके लिए परम पूज्य मुनि श्री निर्लोभ सागर द्वारा मंत्र जाप अंकन यंत्र बंदियों को सदस्यों द्वारा भेंट किया गया। जिसमें 108 मालाएं जप करने से मनोकामनांए पूर्ण होती है ऐसी जानकारी दी गई। पूज्य मुनि श्री निर्लोभ सागर जी महाराज ने सागर की समस्त जनता से भी अपील की है विश्व कल्याण की भावनाओं से जो भी जाप करना चाहता है, वह मुनि श्री नि:शुल्क मंत्र जाप अंकन यंत्र प्राप्त कर सकता है। साधुओं के दरवाजे सभी जीवों के लिए सदैव खुले रहते है कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेखा दीदी द्वारा किया गया। डॉ. नीलम दीदी एवं डॉ. राजा भैया द्वारा कार्यक्रम में सहयोग किया गया।

**-मुकेश जैन ढाना**

## मुनि श्री संधानसागर जी महाराज ने कहा- रोशनी बाहर नहीं भीतर है



**एलोरा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरुणाई के प्रखर वक्ता मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने कहा कि इस वर्ष का अंतिम दिन आप से कह रहा है कि यदि नव वर्ष को प्रकाशमान करना चाहते हो तो अपने भीतर के दीपक को जला लो। अभी वह बुझा हुआ है। इसके लिए करना कुछ नहीं है जो दीपक जल रहा है उसके पास अपने लिए दीये को लगा दें वह जल उठेगा और सम्पूर्ण जगत को रोशनी बांट सकेगा। पूज्यवर ने कहा कि क्या करें पाश्चात्य संस्कृति इतनी हावी हो चुकी है। थोड़ी देर का मजा जिन्दगी भर की सजा न बन जाये। जीवन का मजा बाहर के सामने में नहीं अपने मन को साधने में है। ध्यान रखना चाहतो में जीवन पूरा हो जायेगा पर चाहते पुरी नहीं हो पायेगी। पाप का काटने के लिए नहीं- पाप त्यागने के लिए धर्म करें। पूज्य मुनि श्री प्रतिदिन प्रात:काल एक-एक शब्द की आध्यात्मिक एवं जीवन व्यवहार से जुड़ी व्याख्या करते हैं। आज वर्ष का अंतिम दिन था एवं कल नव वर्ष की शुरुआत हो रही है इस हेतु ईयर शब्द की व्याख्या की। ईयर का वाय कह रहा है योग मिला है उसका प्रयोग क्या किया? अब मैं उसका सदुपयोग करूंगा। ईयर का ई कहता है हमें इंज्वॉय आनंद में रहना है। मजा किसका नाम है मुनिवर ने सविस्तार बताया। असली आनंद बाहर की वस्तुओं में नहीं भीतर आत्मा का आनंद अनिर्वचनीय है। हमें एनेलेसिस, भीतर के विश्लेषण का बोल रहा है तथा आर रियल्टी वास्तविकता को समझने का संकेत कर रहा है। क्या है वास्तविकता? जो आया है सो जायेगा, संयोग-वियोगमय है। लाभ-हानि में समता रखना है, कर्म सिद्धान्त को ध्यान में रखना है। आने वाला वर्ष जरुर सार्थक होगा।

**-विद्यावाणी संकलन**

## मंदारगिरी भगवान वासुपूज्य तप स्थली पर फैसला का इंतजार, प्रमाण देने के 10 दिन बाद भी नहीं आया कोई निर्णय, प्रशासन सुस्त

### 1983 में हुये मंदार शिखर विवाद पर जैन समुदाय की हुई थी प्रामाणिक जीत, फिर भी प्रशासन मामले में कर रहा टाल-मटोल



**पटना ( विश्व परिवार )।** बिहार के बांका स्थित जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य स्वामी के तप, ज्ञान व निर्वाण स्थली मंदारगिरी पर्वत शिखर पर विगत 3 दिसम्बर को भगवान वासुपूज्य स्वामी के तप कल्याणक स्थली पर किसी आसामजिक तत्वों द्वारा तीर्थंकर वासुपूज्य का नाम, जैन मंत्र, अर्घ्य और शिलापट्ट पर अंकित प्राचीन तथ्यों के साथ छेड़-छाड़ कर लिपा-पोती कर मिटा दिया गया था।

जिसकी सूचना स्थानीय जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों को तत्काल दी गई थी। जिसके बावजूद लापरवाही बरती गई और जैन समाज के दवाब के बाद उच्च पदाधिकारियों द्वारा 6 दिसम्बर को अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को जाँच कमिटी बनाकर भेजी जाती है उनके द्वारा कहा जाता है दोनों पक्ष 15 दिनों के अंदर प्रमाण प्रस्तुत करें। लेकिन प्रमाण प्रस्तुत करने के 10 दिन बाद भी प्रशासनिक जाँच कमिटी द्वारा अभी तक कोई निर्णय नही दिया जाता है। जिससे जैन समुदाय आक्रोषित है। और शीघ्र ही निष्पक्ष न्याययिक फैसला की मांग करता है।

आखिर क्यों जैनियों के साथ उनके तीर्थस्थल के सुरक्षा और संरक्षण को लेकर बिहार सरकार के स्थानीय प्रशासन लापरवाह बनी है। यह कोई जमीनी विवाद नही बल्कि करोड़ों जैन धर्मावलंबियों के आस्था का केंद्र है। यह उनके प्राचीन धरोहर है। जहां प्राचीनकाल से दिगम्बर जैन मंदिर स्थित था। जिसमें बड़ा गुम्बद मंदिर वासुपूज्य निर्वाण स्थली, छोटा मंदिर वासुपूज्य ज्ञान कल्याणक मंदिर और गुफा मंदिर तप कल्याणक स्थली पर जैनियों का सर्वाधिकार है। **-प्रवीण जैन**

## राकेश जैन, विनायका, निर्विरोध सर्व सहमति से, अंतरराष्ट्रीय दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के पुनः अध्यक्ष



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** जुझारू एवं नेतृत्व क्षमता के धनी श्री राकेश जैन, विनायका, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फ़ेडरेशन जो कि भारतवर्ष में दिगम्बर जैन समाज का सर्वाधिक सक्रिय संगठन है जिसकी 350 से अधिक शाखाएं 13 राज्यो के माध्यम से संपूर्ण देश में फैली हुई हैं इसकी 5 अंतरराष्ट्रीय शाखाए USA, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, इंग्लैंड है, के पुन: निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। श्री राकेश जैन विनायका, सामाजिक क्षेत्र के साथ-साथ भारत सरकार की प्रतिष्ठित महाराष्ट्र बैंक में उच्च पद पर कार्यरत हैं।

दिनांक 30 दिसंबर शनिवार को स्थानीय अनूप भवन में सोशल ग्रुप फेडरेशन के कोर कमिटी मेंबर्स की मीटिंग में फेडरेशन की संरक्षिका श्रीमती पुष्पा प्रदीप सिंह कासलीवाल ने कमिटी मेंबर्स की सलाह और सहमति के बाद यह निर्णय लिया।

फेडरेशन के मीडिया प्रभारी संजीव जैन संजीवनी एवं राजेश जैन दद्दू ने बताया कि जब से श्री राकेश जैन विनायका फेडरेशन के अध्यक्ष मनोनीत हुए हैं फेडरेशन ने अपने कार्यों से संपूर्ण देश प्रदेश में धार्मिक सामाजिक कार्यों में एक नई पहचान की स्थापना की है जिनमें मुख्य रूप से फेडरेशन के पदाधिकारी और सदस्यों को सम्मेदशिखरजी की यात्रा, क्रिकेट टूर्नामेंट एवं मुख्य रूप से सर्वाधिक सफल अंतरराष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन शामिल है।

श्री जैन को फेडरेशन अध्यक्ष की जिम्मेदारी पुन: मिलने पर समाज के अध्यक्ष राजकुमार पाटौदी, अमित कासलीवाल, आदित्य कासलीवाल, डॉ जैनेंद्र जैन, टी के वेद, आजाद जैन बीड़ी वाले, श्रीमती रानी अशोक दोषी, श्रीमती स्मिता जैन संजीवनी, विपुल बाँझल, विमल चौधरी, सुशील पांडया, कमलेश कासलीवाल, दिनेश दोशी अनुराग जैन व समस्त समाज जनों ने बधाइयां प्रेषित की हैं।

**-संजीव जैन संजीवनी**

## नववर्ष पर नवागढ़ में भक्तामर पाठ और अरनाथ मण्डल विधान का होगा आयोजन

### जनसन्त उपाध्याय विरंजनसागर ससंघ सान्निध्य में होगा आयोजन



**नवागढ़ ( विश्व परिवार )।** प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ विकासखंड महरौनी में अंग्रेजी नव वर्ष पर जनसन्त उपाध्याय विरंजनसागर महाराज ससंघ एवं आराधनाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में मंगल भक्तामर पाठ एवं श्री अरनाथ महामंडल विधान का आयोजन सकल दिगंबर जैन समाज के की गरिमामयी उपस्थिति में ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत के निर्देशन में संपन्न किया जाएगा।

प्रचारमंत्री डॉ सुनील संचय ने बताया कि 31 दिसंबर की शाम 6 बजे से भक्तामर पाठ का शुभारंभ होगा। नए वर्ष की प्रभात बेला में अभिषेक, शांति धारा, पूजन के साथ ही उपाध्याय विरंजन सागर जी के मंगल प्रवचन होंगे। दोपहर में 1 बजे से अरनाथ मंडल विधान भक्ति श्रद्धा के साथ किया जाएगा।

क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान अरनाथ विधान एवं भक्तामर पाठ में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्यार्जन करने की अपील श्रद्धालुओं से की है। मुनि संघ के वैयावृत्ति एवं आहारचार्य का सौभाग्य प्राप्त करने हेतु सपरिवार आमंत्रित हैं। मीठी-मीठी ठंड के बीच धुंध कोहरे में नवागढ़ अतिथि क्षेत्र का सौंदर्य कश्मीर की याद दिला रहा है।

**फरवरी में होगा समवशरण महामंडल विधान का भव्य आयोजन :** प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ में आगामी 7 से 13 फरवरी 2024 तक समवसरण महामंडल विधान का आयोजन आचार्य श्री विनम्र सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आर्यिका स्वस्ति भूषण माता जी की प्रेरणा से ब्र. जय कुमार जी निर्देशन में विशाल स्तर पर किया जाएगा। प्रचार मंत्री डॉ सुनील संचय ने बताया कि कमेटी के पदाधिकारीगण इस भव्य आयोजन की तैयारियों में जुट गए हैं। तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही हैं। इसके लिए बैठक कर जिम्मेदारी दी जा रही है।

## नव वर्ष के अवसर पर वर्तमान काल और भूतकाल जिनबिंब का एक साथ होगा अभिषेक एवं शांति धारा



### एक साथ 55 जिनबिंब पर 62 शांति धारा होगी, अदभुत अविस्मरणीय दृश्य रहेगा

**कोटा/राजस्थान ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य जंगल वाले बाबा मुनि श्री चिन्मय सागर जी महाराज की पावन प्रेरणा से निर्मित आर के पुरम स्थित 1008 श्रीमुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन त्रिकाल चौबीसी जैन मंदिर में नव वर्ष के अवसर पर दिनांक 1 जनवरी 2024 को वर्तमान काल और भूतकाल जिनबिंब का एक साथ होगा अभिषेक। विश्व में शांति की मंगलमय भावना से की जायेगी शांतिधारा। मंदिर समिति के अध्यक्ष महावीर जैन कार्याध्यक्ष अनुज गोधा महामंत्री पवन पाटोदी कोषाध्यक्ष ज्ञान चंद जैन ने बताया कि मूलनायक मुनिसुव्रतनाथ भगवान का प्रथमाभिषेक भी किया जायेगा मूलनायक भगवान पर एवम पाडुंक शिला पर भी शांति धारा की जाएगी विधि विधान की मांगलिक क्रियाएं पंडित हेमन्त जैन सरल शास्त्री द्वारा करवाई जायेगी।विगत 31 वर्षो से पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी एवम मंदिर समिति के प्रचार प्रसार मंत्री पारस जैन पार्श्वमणि ने बताया कि दिनांक 31 दिसंबर 2023 को भगवान पार्श्वनाथ पर प्रथमाभिषेक एवम शांतिधारा पाडुंक शिला पर शांति धारा भविष्यकाल जिनबिंब पर शांतिधारा श्रद्धा भक्ति भाव और समर्पण के साथ की गई। आज एक साथ 40 शांति धारा की गई कल नव वर्ष पर 56 शांति धारा एक साथ की जाएगी। ये नयनाभिराम दृश्य अपने आप में अदभुत अविस्मरणीय रहेगा। विदित हो की हाड़ोती की प्रथम त्रिकाल चौबीसी मंदिर बड़ा ही अतिशय कारी है। मुलनायक भगवान मुनिसुव्रतनाथ की प्रतिमा बड़ी मनोहारी है बाबा के दर्शन करने दिव्य शांति अंतर्मन में होती है। पार्श्वमणि ने आगे बताया कि त्रिकाल चौबीसी, आर के पुरम कोटा पर मन्दिर जी का वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन हर्षोल्लास के वातावरण में किया गया। 10? सहयोग राशि देकर कैलेंडर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज के महामंत्री विनोद जैन टोरडी जज एस के जैन राजेश जैन हरक चंद गोधा बाबूलाल जैन मुकेश पापड़ीवाल अंकित जैन मनीष जैन आदि उपस्थित थे।

**-पारस जैन पार्श्वमणि**

## श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में 48 दीपक के साथ णमोकार महामंत्र सहित सौभाग्यवती माता जी के सानिध्य में भक्तों ने नूतन वर्ष अभिनंदन का स्वागत आरती के साथ किया

**न्यू ईयर सेलिब्रेशन में फिजूल खर्ची रोकने का धर्म आयोजन के माध्यम से बहुत ही अनूठा प्रयास**

**भिलाई ( विश्व परिवार )।** आज से त्रिवेणी जैन तीर्थ 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 6 भिलाई .में भक्तों ने श्री 1008 आदिनाथ भगवान के समोसारण में विधान मंडप के पास मंगलदीप प्रज्वलित कर मंगल अभिषेक और शांति धारा किया. इस अवसर पर पूज्य 105 सौभाग्यवती माता जी के सत्संग सानिध्य और अमृत वचनों में में प्रतिष्ठाचार्य पंकज भैया के साथ भक्तों ने शांति धारा और देव शास्त्र गुरु का पूजन किया आज हजारों भक्तों के साथ छोटे-छोटे बच्चे जैन ध्वज लेकर एवं महिलाएं केसरिया साड़ी में और पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र में टोपी लगाकर बहुत ही भक्ति भाव के साथ णमोकार महामंत्र का जाप पूज्य माता जी के आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कर रहे थे.

पूरा त्रिवेणी जैन तीर्थ मानव भगवान आदिनाथ जी का समोसारण लग रहा था. जानकारी देते हुए समिति के उपाध्यक्ष प्रदीप जैन बाकलीवाल बताया कि आज अभिषेक और शांति धारा करने वालों में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष प्रशांत जैन ज्ञानचंद बाकलीवाल डॉक्टर जिनेंद्र जैन प्रवीण छाबड़ा जिनेंद्र भारत बाकलीवाल दीपक बाकलीवाल भारत जैन वरुण जैन संजीव राकेश कासलीवाल सुरेंद्र जैन निशांत जैन संजीव जैन सिंपी जैन विनोद जैन आदि के साथ अनेक मंदिरों के प्रतिनिधि जिसमें महावीर जैन डॉक्टर आरके जैन क्षितिज जैन मुकेश जैन अरविंद जैन संजीव जैन संजीव कासलीवाल चिरंजीव जैन सुशील जैन आदि बच्चों द्वारा जैन ध्वज लिए महिलाएं णमोकार महामंत्र में उपस्थित थे.





आज रात्रि णमोकार महामंत्र के जाप और आदिनाथ भगवान जी की आरती पश्चात.पूज्य माताजी के सानिध्य में प्रतिष्ठा कर पंकज भैया के निर्देशन में शोधर्म इंद्र राकेश कासलीवाल कुबेर इंद्र प्रशांत जैन यज्ञ नायक सोमेश बाकलीवाल इंद्र इंद्राणी द्वारा भव्य नृत्य नाटिका इंद्रसभा का आयोजन किया गया.

जहां पंकज भैया जी द्वारा बहुत ही धार्मिक खेल का संचालन किया इस अवसर पर आज भक्तों द्वारा भक्तांबर महामंत्र और रिद्धि मंत्र पाठ करते हुए के 48 दीपों से पूरा त्रिवेणी जैन तीर्थ बहुत ही सुसज्जित लग रहा था.

जहां भक्तों ने भक्ति आराधना करते हुए माता जी के आशीर्वाद और सानिध्य मैं नूतन वर्ष अभिनंदन का स्वागत 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान के प्रतिमा के समक्ष हजारों भिलाई दुर्ग नेहरू नगर रिसाली वैशाली रूआ बांदा दुर्गबड़ा जैन मंदिर स्टेशन रोड दुर्ग पद्मनापुर दुर्ग आदि मंदिर के हजारों भक्तों ने पूज्य माताजी से मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया. जहां पूज्य माताजी ने 2024 नूतन वर्ष के लिए सभी भक्तों को अपनी मंगल आशीर्वाद देते हुए देशवासियों के साथ सभी भक्तों के सुख समृद्धि की कामना की और अपने उपदेश में कहां की आप सभी न्यू ईयर सेलिब्रेशन में जो फिजूल खर्ची करते हैं उसको रोकने के लिए यह धर्म आयोजन का बहुत ही छोटा सा प्रयास आप लोगों के द्वारा किया. जहां तरह-तरह की परियां और होटल आदि पर बच्चों द्वारा फिजूल खर्च किया जाता है उसके लिए यह धर्म आयोजन किया गया है. इसी तरह अपने जैन धर्म की शिक्षा संस्कार के साथ णमोकार महामंत्र को धारण करते हुए अपने जीवन का आत्म कल्याण करें और प्रेम अहिंसा और सद्भावना के साथ बगैर किसी राग देश के अपना जीवन यापन करें. दिनांक 1 जनवरी को प्रात:07. बजे मंगल अभिषेक पूजन के बाद णमोकार विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा.

इस अवसर पर 1 जनवरी को प्रात: 9 बजे सांसद श्री विजय बघेल जी और विधायक गण एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करते हुए उनका सम्मान श्री पारसनाथ दिगंबर जैन सभा के समिति द्वारा किया जाएगा। इसके लिए समिति के अध्यक्ष प्रशांत जैन. प्रदीप जैन बाकलीवाल सोमेश बाकलीवाल के साथ समिति सदस्यों ने माननीय सांसद महोदय और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था. निशांत जैन द्वारा बहुत ही सुसज्जित मंच व्यवस्था और डेकोरेट किया गया था।

**-प्रदीप बाकलीवाल**

## संक्षिप्त समाचार

### रजक परिवार ने श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** शहर के दीवान पारा मे रजक परिवार व्दारा आयोजित श्री मद भागवत यज्ञ ज्ञान सप्ताह, के दौरान ध्रुव चरित्र की कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हुए वही महिला मंडल की भजन प्रस्तुती ने लोगो को मंत्र मुग्ध किया। राजनांदगांव शहर के दीवान पारा मे इन दिनो रजक परिवार व्दारा अपने पूर्वजो,के स्मृति मे श्री मद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है ।भागवत कथा छुरिया भोलापूर से पहुचे भगवताचार्य पंडित प्रेम प्रकाश पाण्डे के मुखार विंद से किया जा रहा है जहां बडी संख्या मे श्रध्दालू कथा स्थल पहुचकर कथा श्रवण का आनंद उठा रहे है, ।सात दिनो तक चलने वाली इस भागवत कथा के दौरान ध्रुव चरित्र की कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हुए इस मौके पर भगवताचार्य पंडित प्रेम प्रकाश पाण्डे ने श्रीमद् भागवत की कथा के दौरान ध्रुव चरित्र का वर्णन किया गया। उन्होने ध्रुव के चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान को प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती है ध्रुव ने अपने मन में दृढ़ संकल्प कर लिया था कि मुझे भगवान को प्राप्त करना है और उसी संकल्प को ध्यान में रखते हुए वनवास में तपस्या करते हुए भगवान को प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रध्दालू ध्रुव कथा सुनकर भाव विहोर हुए इसके साथ हि महिला मंडल की भजन प्रस्तुती ने श्रध्दालू मंत्र मुग्ध हुए।

### तीन अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही(विश्व परिवार)।** पेंड्रा में अंतरराज्यीय गांजा तस्करी करते पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से 34.600 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार पेंड्रा थाना पुलिस को मुखबिर से अवैध गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। मुखबीर ने बताया कि बिलासपुर के रास्ते रतनपुर होते हुए एक स्कॉर्पियो कार में गांजा लेकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहे हैं। सूचना के बाद थाना पेंड्रा एवं साइबर सेल की टीम ने लाटा तिराहा के पास नाकाबंदी की।इस दौरान बिलासपुर कारिआम की तरफ से आ रहे स्कॉर्पियो वाहन को रोककर चेक किया गया। जांच करने पर वाहन में 34.600 किलो ग्राम गांजा पाया गया। इसपर पुलिस ने कार सहित बरामद गांजा 34.600 किलो को जब्त कर नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। साथ ही कार में सवार तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 2 नग मोबाइल, कार और गांजा कुल कीमती 11,39,000 रुपये को जब्त किया गया है। मामले में पुलिश ने प्रशांत श्रीवास (21 साल) निवासी मझौली थाना मंझोली जिला जबलपुर (मध्यप्रदेश), व कंधी लाल पूरा (30) साल निवासी धमनी थाना पाटन जिला जबलपुर (मध्यप्रदेश) और राधेश्याम कश्यप (24 साल) निवासी थाना गोंदिया (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया है।

### धान खरीदी में गडबड़ी, फड़ प्रभारी की हुई छुट्टी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** धान खरीदी अभियान के दौरान कड़े हिदायतों के बाद भी अनियमितता बरतना सोनपुरी समिति के फड़ प्रभारी बरत राम साहू को भारी पड़ गया ।मीडिया में प्रकाशित खबर पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने जांच कमेटी बैठाते हुए प्रकरण की जांच पूरी होने तक फड़ प्रभारी को फड़ प्रभारी के कार्य से पृथक कर दिया है। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्रीमती पूर्णिमा सिंह ने कड़ा रुअपनाया है । उन्होंने प्रकरण में जांच कमेटी बैठाते हुए ,सहकारिता विस्तार अधिकारी विकासखंड कोरबा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही प्रकरण की जांच पूरी होने तक फड़ प्रभारी बरत लाल साहू को फड़ प्रभारी के कार्य से पृथक करने का आदेश दिया है । उनके स्थान पर समिति को किसी अन्य योग्य कर्मचारी को यह दायित्व सौंपने के आदेश दिए हैं। उप पंजीयक की सख्त कार्रवाई से सहकारिता विभाग में हडकम्प मचा है । वहीं यह उम्मीद जताई जा रही है कि ऐसे कार्रवाई से धान खरीदी व्यवस्था से जुड़े कर्मचारी निष्ठापूर्वक अपने कार्यदायित्वों का निर्वहन करेंगे। उप पंजीयक लगातार धान उपार्जन के द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रही हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि धान खरीदी जैसे शासन के महती अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी,नाफरमानों पर तत्काल कार्रवाई होगी।

### सवा पांच करोड़ मंत्र जाप पूर्ण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सिद्ध आश्रम साधक परिवार के द्वारा पखना पारा भिलाई बाजार में काल भैरव मंत्र का जाप किया जा रहा था। यह मंत्र जाप नवंबर माह से शुरू हुआ था। और लगातार जारी था सवा करोड़ मंत्र जाप पूर्ण होने पर आज हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संतोष यादव, हेमेन्द्र साहू, पप्पू के नेतृत्व में प्रतिदिन साधक यहां पहुंचकर मंत्री जाप करते थे। इसके अलावा महीने के हर 21 तारीख को गुरूपूजन का आयोजन भी यहां किया जाता है।

# नामांतरण एवं बटवारा के प्रकरणों के निराकरण के लिए पटवारी पर रखें नियंत्रण - कलेक्टर

## एसडीएम एवं तहसीलदार नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र के कार्यों में गति लाएं

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र के कार्यों में गति लाएं। उन्होंने कहा कि नामांतरण एवं बटवारा के प्रकरणों के लिए पटवारी के कार्यों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने तहसीलदार से कहा कि नामांतरण एवं बटवारा के राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए पटवारी पर नियंत्रण रखें, अच्छी तरह कार्य नहीं करने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दिशा में कार्य प्रणाली में सुधार लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार,



नायब तहसीलदार फिल्ड में सक्रियतापूर्वक कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रति सोमवार पटवारी, सचिव एवं राजस्व निरीक्षक मुख्यालय में अनिवार्य रूप से रहेंगे। एसडीएम एवं तहसलीदार उनके कार्यों की समीक्षा करें। कलेक्टर ने कहा कि सोमनी में आबादी भूमि की अवैध खरीदी-बिक्री की शिकायत मिली है। उन्होंने सोमनी में जमीन की अवैध खरीदी-बिक्री के कार्य में संलग्न व्यक्तियों को चिन्हांकित कर तत्काल उसके खिलाफकड़ी कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम एवं तहसीलदार दिए। उन्होंने सोमनी के पटवारी के खिलाफविभागीय जांच करने के निर्देश दिए। आरबीसी 6-4 की राशि का भुगतान 10 दिन के भीतर करने कहा। भू-अर्जन प्रकरणों की राशि को प्राथमिकता देते हुए वितरण कराएं। कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत राजस्व प्रकरणों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण करते हुए जनसामान्य को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्यों से आने वाले धान के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए कोचियां एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए धान की जप्ती की कार्रवाई करें।

# जन-जन तक पहुंचेगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी गाड़ी - विधायक

**महासमुंद के ग्राम परसदा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा**

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** शासन की सभी प्रमुख योजनाओं को प्रदेश के प्रत्येक कोने के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। यह यात्रा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत वार चलाई जा रही है। जनप्रतिनिधि इस यात्रा का नेतृत्व कर योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में आज महासमुंद ब्लाक के ग्राम परसदा में महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मिलकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम वासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी गाड़ी है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रदेश के जन जन तक यह गाड़ी पहुंचकर उन्हें विकास की दौड़ में भागीदारी बनाएगी और सरकार की योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी का सपना है की हर गरीब की उन्नति और प्रगति हो उसके लिए काम कर रहे है । उन्होनें कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाए। कार्यक्रम में श्री सिन्हा ने विभागीय योजना स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉल प्रभारी और हितग्राहियों से चर्चा कर योजना का लाभ देने के निर्देश दिए ।उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के स्टाल पर छह माह के बच्चो को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू, श्री राकेश चंद्राकर,श्री संदीप दीवान, सरपंच, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे। शिविर में आए गए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया।

## ब्लास्टिंग समस्या से परेशान विस्थापितों ने किया खदान के भीतर प्रदर्शन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पाली पड़निया गांव से जुड़ी हुई समस्याएं जस की तस बनी हुई है। लोगों की शिकायत है कि एसईसीएल की खदान में कोयला निकालने के लिए रोज की जाने वाली ब्लास्टिंग से कई प्रकार के नुकसान हो रहे हैं। प्रबंधन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए आज सुबह भूविस्थापितों ने खदान के भीतर उपस्थिति दर्ज कराई और प्रदर्शन किया। उत्पादन पर असर पडने से चिंतित प्रबंधन ने पुलिस बुलवा ली। खदान के क्षेत्र में लोगों के द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन का यह कोई मौका नहीं है। शनिवार को पाली पड़निया गांव के सैकड़ों लोग अपने मसले को लेकर यहां पहुंच गए। उन्होंने कामकाज रूकवाने के साथ प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर रहे लोग इस बात पर जोर दे रहे हैं कि या तो ब्लास्टिंग की रफ्तार कम की जाए या फिर उनकी परेशानियों को दूर करने में रूचि ली जाए। प्रदर्शनकर्ताओं में महिलाएं भी शामिल थीं। बड़ी संख्या में लोगों के खनन क्षेत्र में पहुंचने से कामकाज पर असर पड़ा और कर्मियों को हाथ खड़े करने पड़ गए। इस बारे में आगे सूचना देने पर प्रबंधन के अधिकारी यहां पहुंचे और जानकारी ली। यहां भी लोगों ने अपनी बात रखी। उनका कहना था कि एसईसीएल ने उनकी जमीन ली है फिर भी लंबा समय बीतने पर न तो रोजगार के विकल्प पर काम किया गया और न ही पुनरू स्थापन जैसे मसलों को निराकृत किया गया। वर्तमान में ये लोग खदान के नजदीक काबिज हैं और लगातार होने वाली ब्लास्टिंग से खतरे बढ़ रहे हैं। विस्थापितों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि विस्फोटक का उपयोग करने से होने वाली ब्लास्टिंग के नतीजन घरेलू सामानों में नुकसान हो रहा है वहीं कई प्रकार की परेशानियां खड़ी हो रही है। मौके पर बवाल की संभावना को देखते हुए कुसमुंडा पुलिस भी पहुंची और उसने स्थिति को संभालने का प्रयास किया।

## युवक लाश मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** शहर में आज सुबह रेल्वे परिक्षेत्र में एक नाले में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। नाले में डेड बॉडी मिलने की सूचना पर तोरवा पुलिस ने डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेकर मरचुरी में भेजवा दिया है। फिलहाल डेड बॉडी की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार तोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत तितली चौक से रेल्वे स्टेशन जानें वाले मुख्य सड़क के पास वाले नाले में एक व्यक्ति लाश मिली है। जिसकी सूचना आसपास के लोगो ने तोरवा पुलिस को दी है। जिसपर मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति के डेड बॉडी को नाले निकलवाया। इस दौरान व्यक्ति की तलाशी ली। तो उन्होंने ट्रेन के दो टिकट मिला है। जिसमे इंदौर से इटारसी की ट्रेन टिकट है। वही दूसरा टिकट बिलासपुर से नागपुर का मिला है। उक्त अज्ञात पुरुष पिस्ता कलर का टी-शर्ट ,पैंट काला कलर का पहना हुआ है, और छितदार सफेद गमछा मिला है। साथ ही गोदना से एन टी आर लिखा हैं। घटना स्थल में शराब की सीसी भी मिली है। मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## विभिन्न ग्रामों में शिविर के माध्यम से आमजनों को योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**शिविर में योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग**

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारत सरकार की योजनाओं से आम नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में आज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम रंगबेल व जपेली, जनपद पंचायत करतला के फत्तेगंज, औराई व ननियारी, विकासखंड कोरबा के ग्राम अमलडीहा व बलसेंधा तथा सिमकेंदा व ढेंगुरडीह में, पोडी उपरोडा ब्लॉक के गिद्धमुड़ी, बनिया में, विकासखंड पाली के ग्राम पोटापानी, अलगीडांड व बगधरीडांड में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंची। जिसमें एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इन शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया।

## शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही आधार, आयुष्मान जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं से किया जा रहा लाभान्वित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा शेड्युल निर्धारित कर पीव्हीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। इन शिविरों में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड कोरबा के ग्राम छातासराई, माखुरपानी,



पतरापाली, गढ़उपरोड़ा, देवपहरी, विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत कटोरीनगोई, मल्दा, बांझीपारा, गुडरूमुड़ा (मांझीपारा) में पीएम जनमन योजना का लाभ पहुंचाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार पाली जनपद के डोंगानाला सहित अन्य सभी जनपदों के पीव्हीटीजी बसाहटों में योजना अनुरूप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत ऐसे समुदायों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

## अवैध धान परिवहन पर कार्यवाही, 556 क्विंटल धान की जप्ती की गई

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में आज एस डी एम पखांजूर श्री ए.एस. पैकरा द्वारा पी वी 92 धर्मपुर थाना छोटे बेठिया अंतर्गत श्री दीपचंद बैरागी को 901 बोरी (360 क्विंटल) और श्री अरुण शील को 491 बोरी (196 क्विंटल) धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर मंडी अधिनियम के तहत जप्ती की कार्यवाही की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार आगे भी अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जप्ती की कार्यवाही के दौरान नगर निरीक्षक श्री रामेश्वर देशमुख, सहायक उपनिरीक्षक श्री गिरीश चंद्र कुर्रे, कृषि विभाग के अधिकारी श्री मनोज सरकार सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

### सरकार का न्यू ईयर गिफ्ट, छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरें बढ़ीं

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सरकार ने आज जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की घोषणा कर दी है। सुकन्या समृद्धि योजना में 0.20प्रतिशत और तीन साल के टाइम डिपॉजिट दरों में 0.10प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अन्य योजनाओं की दरों में बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय के सर्कुलर में कहा गया है कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा राशि पर मौजूदा 8 प्रतिशत से बढ़कर अब 8.2 प्रतिशत ब्याज दर लागू होगी। इसी तरह, 3 साल की सावधि जमा जिसपर मौजूदा समय में 7 प्रतिशत ब्याज दर है, वह बढ़कर अब 7.1 प्रतिशत कर दी गई है। केंद्र सरकार ने जनवरी-मार्च 2024 के लिए दो स्मॉल सेविंग्स स्कीम पर और अधिक ब्याज देने का फैसला किया है। इस प्रकार लगातार छठे तिमाही इन इंस्ट्रूमेंट्स पर ब्याज की दरों में इजाफा किया है। वित्त मंत्रालय ने इससे जुड़ा नोटिफिकेशन आज जारी कर दिया है। इस नोटिफिकेशन के मुताबिक तीन साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर ब्याज की दर 10 बेसिस प्वाइंट्स यानी 0.10 फीसदी बढ़कर 7.0 फीसदी से 7.1 फीसदी हो गई है। इस बार सरकार ने पब्लिक प्रोविडेंट फंड , नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट (ह्स्ष्ट), किसान विकास पत्र (चङ्कक्क), सीनियर सिटीजंस सेविंग्स स्कीम (स्ष्टस्स्), 5 साल रेकरिंग डिपॉजिट, मंथली इनकम अकाउंट स्कीम के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे पहले 29 सितंबर को वित्त मंत्रालय ने अक्टूबर-दिसंबर के लिए ऋ8 पर ब्याज दरों में 0.20त्न की बढ़ोतरी की थी। सुकन्या स्कीम की ब्याज दर पहले 8त्न और तीन साल के टाइम डिपॉजिट की ब्याज दर 7त्न थी। यह लगातार छठी तिमाही है जब इन स्कीम्स की दरों में बढ़ोतरी की गई है।

### जनवरी आम तौर पर बाज़ार के लिए ख़राब महीना होता है

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि जैसे-जैसे 2024 करीब आ रहा है, साल की रैली की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता व्यापक बाजार का तेज प्रदर्शन है। बीएसई सेंसेक्स 215 अंक गिर कर 72,194.69 पर है। एसबीआई, इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी में 1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट है। पीएसयू और तेल एवं गैस सूचकांक नीचे कारोबार कर रहे हैं। उधर निफ्टी लाल निशान में 21,719.40 पर कारोबार कर रहा है। इस साल मिडकैप इंडेक्स लगभग 45 प्रतिशत ऊपर रहा और स्मॉल कैप इंडेक्स 55 प्रतिशत ऊपर। निफ्टी लगभग 20 प्रतिशत की बढ़त के साथ काफी पीछे है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेंड 2024 में पलटने की संभावना है क्योंकि मिड और स्मॉल कैप का वैलुएशन काफी अधिक है और लार्ज कैप का वैलुएशन अपेक्षाकृत उचित है। ऑटो, निर्माण और वित्तीय क्षेत्र 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। हाल की तेजी के बाद भी वित्तीय कंपनियों का वैलुएशन ठीक है और निर्माण से संबंधित क्षेत्रों की संभावनाएं अच्छी दिख रही हैं। 2024 में भी पूंजीगत वस्तुओं का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। जनवरी आम तौर पर बाज़ार के लिए ख़राब महीना होता है। उन्होंने कहा कि तीसरी तिमाही के नतीजों और प्रबंधन टिप्पणियों पर बाजार की नजर रहेगी।

### सरकार नए साल पर दे सकती है खुशखबरी, 10 रुपये तक सस्ता हो सकता है पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** नए साल पर मोदी सरकार महंगाई के मोर्चे पर जनता को बड़ी राहत देने वाली है। सूत्रों के अनुसार, जल्द ही पेट्रोल और डीजल के दामों में बड़ी कटौती की जा सकती है। तेल के दाम छह से दस रुपए तक घटाए जा सकते हैं। मालूम हो कि लंबे समय से देशभर में पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। कच्चे तेल की कीमत में भी कमी आई है, जिसका फायदा अब सरकार जनता को देने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अब पेट्रोलियम मिनिस्ट्री और फाइनेंस मिनिस्ट्री के बीच पेट्रोल और डीजल के दाम कम करने को लेकर चर्चा हो रही है। इसके अलावा तेल कंपनियों से भी बातचीत कहल रही है। अगर सबकुछ सही रहता है तो पेट्रोल और डीजल की कीमत 6 रुपये से 10 रुपये तक सस्ती हो सकती है। पिछले साल 22 मई से पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नही किया गया है। पेट्रोल और डीजल के दाम काफी समय से स्थिर हैं।आखिरी बार केंद्र सरकार ने प्रोडक्शन कॉस्ट में कटौती की थी। इस दौरान पेट्रोल और डीजल के लिए कुल कटौती 13 रुपये और 16 रुपये लीटर हुई थी। दरअसल, पेट्रोल मंत्रालय ने तर्क दिया है कि इंपोर्ट किए कच्चे तेल के खरीद मूल्य में तेज गिरावट आई है। यही कच्चा तेल पेट्रोल-डीजल बनाने के लिए रिफाइनरी में भेजा जाता है।

### 2024 में भी सोने के दाम में नहीं मिलेगी राहत, भाव और ऊपर जाने की संभावना

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** साल 2024 में सोने की कीमत 2,060 डॉलर से 2,090 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंचने की संभावना है। लेकिन अगर यह 2035 डॉलर के आसपास रहता है, तो किसी भी करेक्शन पर कीमतें 2,115 डॉलर के स्तर को भी पार कर सकती हैं। ये बात एमके वेल्थ मैनेजमेंट की एक रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी दरों में वृद्धि के कारण उच्च वैश्विक मुद्रास्फीति के बावजूद सोने की कीमत में तेजी नहीं आई या इसे सीमित कर दिया। पीली धातु पिछले छह महीनों के निचले स्तर से उछलकर 2,000 डॉलर प्रति औंस से ऊपर के स्तर पर पहुंच गई है और वर्तमान में यह 2,050 डॉलर पर है। अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के मूल्यह्रास और डॉलर सूचकांक में गिरावट के साथ उछाल संभव थी कि अमेरिकी ब्याज दरें और विशेष रूप से अमेरिकी आधिकारिक दर नीति बहुत जल्द नरम हो सकती है। 2,035 डॉलर से नीचे तकनीकी रूप से, 2,010 डॉलर पर और फिर 1,980 डॉलर के स्तर पर अच्छा समर्थन है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कीमतों में बढ़ोतरी पहले प्रतिरोध स्तर तक जारी रहने की उम्मीद है, जो 2,080-2,090 डॉलर के स्तर पर है।




# राजनीति की पिच पर उतरे क्रिकेटर अंबाती रायडू वाईएसआर कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

**अमरावती( एजेंसी )।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) में शामिल हो गए। वाईएसआरसीपी अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने यहां कैंप कार्यालय में उपमुख्यमंत्री के. नारायण स्वामी और सांसद पी. मिथुन रेड्डी की उपस्थिति में पार्टी में उनका स्वागत किया। मध्यक्रम के स्टाइलिश बल्लेबाज ने 2013 से 2019 के बीच भारत के लिए 55 वनडे और छह टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने इस साल अप्रैल में राजनीति में प्रवेश करने का फैसला किया था और कहा था कि वह लोगों की सेवा करना चाहते हैं। हालाँकि, रायडू के बारे में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों के राजनीतिक दल अनुमान लगाने की कोशिश कर रहे थे कि वह किस पार्टी में शामिल होंगे। मई-जून में उन्होंने जगन रेड्डी के साथ कुछ बैठकें कीं, लेकिन अपने राजनीतिक कदम के बारे में चुप्पी साधे रहे। आंध्र प्रदेश के रहने वाले क्रिकेटर ने आखिरकार गुरुवार को वाईएसआरसीपी में शामिल होकर सस्पेंस खत्म कर दिया। रायडू अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव या लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। रायडू टाइगर पटौदी, कीर्ति आज़ाद, मोहम्मद अज़हरुद्दीन, नवजोत सिंह सिद्धू, चेतन चौहान और गौतम गंभीर जैसे उन भारतीय क्रिकेटरों की एक दुर्लभ श्रेणी में शामिल हो गए, जिन्होंने राजनीति में प्रवेश किया है। युवा क्रिकेटर की टीम के एक साथी के साथ विवादों और 'भाई-भतीजावाद से भरे प्रबंधन' के कारण उन्हें 'विद्रोही' का तमगा मिला था, उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर लगभग समाप्त हो गया था। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस के लिए 190 मैच खेल चुके हैं। रायडू उन विद्रोही खिलाड़ियों में से एक थे, जिन्होंने बीसीसीआई से घरेलू माफी की पेशकश स्वीकार करने से पहले, अब समाप्त हो चुकी इंडियन क्रिकेट लीग (आईसीएल) के लिए खेलने का अवसर प्राप्त किया और आईपीएल में प्रवेश किया। इस साल मई में चेन्नई सुपर किंग्स के खिताब जीतने के बाद रायडू ने आईपीएल से संन्यास की घोषणा कर दी थी। उन्होंने सीएसके के मालिक एन श्रीनिवासन की बेटी रूपा गुरुनाथ के साथ जून में जगन मोहन रेड्डी से मुलाकात की थी और उन्हें 2023 में सीएसके द्वारा जीती गई ट्रॉफी दिखाई थी।

## नेपाल का क्रिकेटर संदीप लामिछाने बलात्कार का दोषी करार

**काठमांडू( एजेंसी )।** काठमांडू पोस्ट ने बताया कि नेपाली क्रिकेटर संदीप लामिछाने को स्थानीय काठमांडू जिला अदालत ने बलात्कार के लिए दोषी ठहराया है। सजा शनिवार को सुनाई जाएगी। काठमांडू जिला न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ ने रविवार को शुरू हुई सुनवाई के बाद लामिछाने को एक लड़की की आर्थिक स्थिति का फायदा उठाकर उसके साथ रेप करने का दोषी ठहराया है। अदालत ने शुक्रवार को निष्कर्ष निकाला कि घटना के समय पीड़िता नाबालिग नहीं थी, जैसा कि पहले बताया गया था। मामले पर अगली सुनवाई लामिछाने की सजा तय करेगी। लामिछाने



फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। लामिछाने ने अपना ट्वेंटी20 अंतर्राष्ट्रीय (टी20ई) पदार्पण वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था, जहां उन्होंने विश्व एकादश टीम का प्रतिनिधित्व किया। एक लड़की ने सितंबर 2022 में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें लामिछाने पर काठमांडू के एक होटल के कमरे में उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पुष्टि की कि होटल के सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि लामिछाने लड़की के साथ रह रहा था। काठमांडू जिला अदालत ने आगे की जांच के लिए लामिछाने की गिरफ्तारी को अधिकृत किया था। गिरफ्तारी की अवधि के दौरान, लामिछाने को जमैका तल्लावाह का प्रतिनिधित्व करते हुए 2022 कैरेबियन प्रीमियर लीग में भाग लेना था, लेकिन बलात्कार के आरोपों के कारण उसे बाहर होना पड़ा। जनवरी 2023 में अदालत के आदेश के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## एलन मस्क फिर बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी, अर्नाल्ट दूसरे नंबर पर काबिज

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क फ्रांसीसी लक्जरी टाइकून बर्नार्ड अरनॉल्ट से खिताब वापस लेते हुए एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, 2022 में 138 अरब डॉलर खोने के बाद टेस्ला और स्पेसएक्स की सफलता से उत्साहित मस्क ने गुरुवार के अंत तक अतिरिक्त 95.4 अरब डॉलर कमाए। लक्जरी उत्पादों की मांग में वैश्विक मंदी के कारण एलवीएमएच मोएट हेनेसी लुई वुइटन एसई के शेयरों में गिरावट के बाद उनकी कुल संपत्ति अब अरनॉल्ट से 50 अरब डॉलर से अधिक हो गई है। इंडेक्स के मुताबिक मस्क की कुल संपत्ति



अब 232 अरब डॉलर आंकी गई है। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने इस साल अपने खाते में 70 अरब डॉलर से अधिक जोड़े और अब वे अरनॉल्ट के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में 80 अरब डॉलर से अधिक की वृद्धि हुई है। अर्नाल्ट 179 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के दूसरे सबसे अमीर हैं, इसके बाद बेजोस (178 अरब डॉलर), माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स (141 अरब डॉलर), पूर्व माइक्रोसॉफ्ट सीईओ स्टीव बाल्मर (131 अरब डॉलर) और जुकरबर्ग (130 अरब डॉलर) हैं। सूचकांक के अनुसार 2023 में 500 सबसे अमीर व्यक्तियों की सामूहिक नेट वर्थ में 1.5 लाख करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष के 1.4 लाख करोड़ डॉलर के नुकसान से पूरी तरह से उबर गई। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर भारी चर्चा के कारण तकनीकी अरबपतियों की संपत्ति में 48 प्रतिशत या 658 अरब डॉलर की वृद्धि हुई।

## वित्त मंत्रालय के विश्वास 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर आसानी से 6 .5 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** वित्त मंत्रालय की जारी अर्धवार्षिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में सरकार ने उम्मीद जताई है कि 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर वैश्विक विकास और स्थिरता के दृष्टिकोण के जोखिमों के बावजूद 6.5 प्रतिशत के अपने पूर्वानुमान को आराम से पार कर जाएगी। वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर वृद्धि और पहली छमाही में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत के उभरने से विकास की संभावनाओं में सुधार हुआ है और विभिन्न घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमानों को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में प्राप्त गति तीसरी तिमाही में भी बरकरार




रहने की संभावना है। अक्टूबर और नवंबर 2023 के लिए भारत में उच्च आवृत्ति संकेतक मजबूत आर्थिक गतिविधि को दर्शाते हैं। पीएमआई विनिर्माण और सेवाएँ अक्टूबर और नवंबर में बढ़ी हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि आईआईपी और आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक के अक्टूबर 2023 के निशान भी विनिर्माण गतिविधि में निरंतर वृद्धि की ओर इशारा करते हैं। अवकाश यात्रा, व्यावसायिक यात्रा और सामाजिक आयोजनों से प्रेरित पर्यटन सह होटल उद्योग में उछाल से सेवा क्षेत्र में भावनाएँ उत्साहित और प्रेरित बनी हुई हैं। उपभोग मांग में वृद्धि बरकरार रहने की उम्मीद है। ऑटो बिक्री, ईंधन खपत और यूपीआई लेनदेन में उच्च वृद्धि के साथ शहरी मांग की स्थिति लचीली बनी हुई है। इसमें कहा गया है कि ग्रामीण मांग भी बढ़ रही है, जो दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में मजबूत वृद्धि से परिलक्षित होती है। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर, मुख्य मुद्रास्फीति में स्थिर गिरावट और ईंधन मुद्रास्फीति में निरंतर अपस्फीति के साथ, खाद्य कीमतों से अस्थायी व्यवधानों के बावजूद, ओवरऑल मुद्रास्फीति घट रही है। आरबीआई ने मौजूदा वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत के बाहरी क्षेत्र के लिए दृष्टिकोण आशाजनक है, जैसा कि नवंबर में सेवाओं और माल दोनों के लिए व्यापार संतुलन की विज्ञप्ति में देखा गया है।

### केपटाउन टेस्ट में द .अफ्रीका की कप्तानी करेंगे डीन एल्गर

**सेंचुरियन( एजेंसी )।** भारत को सेंचुरियन टेस्ट में पारी और 32 रन से हराने वाली अफ्रीकी टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के नियमित कप्तान तेम्बा बावुमा सीरीज के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। तेम्बा बावुमा की जगह




डीन एल्गर अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर के अंतिम मैच में टीम की कप्तानी करेंगे। उन्होंने श्रृंखला से पहले संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा की थी। वहीं, बावुमा के रिप्लेसमेंट के रूप में जुबैर हमजा को टीम में शामिल किया गया है। बावुमा को मंगलवार को सुपरस्पोर्ट पार्क में पहले टेस्ट के पहले दिन फील्डिंग करते समय चोट लगी और स्कैन से पता चला कि उनके मांसपेशियों में खिंचाव है, जिसके कारण वह दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी से बाहर रहे। सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने के लिए एसए20 की शुरुआत से पहले उन्हें मेडिकल जांच से गुजरना होगा। पहले टेस्ट के दौरान बावुमा के मैदान से बाहर जाने के बाद एल्गर ने सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका की पारी और 32 रन से जीत में कप्तान की भूमिका निभाई। एल्गर कप्तानी के मामले में नए नहीं हैं।

### शब्द सामर्थ्य -289

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 288 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

### सू- दोकू क्र.289

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 288 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, सोमवार 01 जनवरी 2024



## मुख्यमंत्री से महामंडलेश्वर सद्गुरु नाथ जी महाराज ने की मुलाकात

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राज्य अतिथि गृह पहुना में प्रेमेश्वर मठ महादेव संस्थान कानपुर के सद्गुरु नाथ जी महाराज (महामंडलेश्वर काशीमठ) ने सौजन्य मुलाकात की। सद्गुरु नाथ जी महाराज ने मुख्यमंत्री श्री साय को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर होगा। राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश नित-नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भारत यात्री मेहुल लखानी ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज यहाँ राज्य अतिथि गृह पहुना में भारत यात्री श्री मेहुल लखानी ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री मेहुल को उनकी इस यात्रा के लिए प्रदेशवासियों की ओर से शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर विधायक श्री गजेन्द्र यादव भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि श्री मेहुल ने योग यात्रा की थीम पर भारत, नेपाल और भूटान की यात्रा पूर्ण कर अब पैदल चलते हुए भारत यात्रा पर निकले हैं। श्री मेहुल यह पदयात्रा सामाजिक सुधार हेतु राष्ट्रीय स्तर पर जन चेतना जगाने के उद्देश्य से लोगों को स्वास्थ्य, प्रकृति, संस्कृति और भारत के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के प्रयास हेतु कर रहे हैं। गौरतलब है कि श्री मेहुल इससे पूर्व साइकिल से नेपाल और भूटान तक 27 महीने में 46 हजार किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर चुके हैं। वर्तमान में श्री मेहुल पैदल चलते हुए डोंगरगढ़ से रायपुर होते हुए अयोध्या और सम्पूर्ण भारत की यात्रा पर निकले हैं।

## होली क्रॉस स्कूल बैरन बाजार के स्टूडेंटस के लिए रीयूनियन कार्यकम का हुआ आयोजन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** होली क्रॉस स्कूल बैरन बाजार के बैच 2007 के स्टूडेंटस के लिए रीयूनियन कार्यकम का आयोजन किया गया। इसमे शामिल होने के लिए स्टूडेंट्स देश के विभिन जगह से स्कूल पहुचे। 16 साल बाद स्टूडेंट्स आपस मे मिलकर बहूत उत्साहित होगए। उनके टाइम के प्रिसिपल फादर बेंजामिन भी इस रीयूनियन में उनमे साथ थे। स्टूडेंट्स ने पुराने टाइम जैसे पूरी असेंबली करी। प्रेयर, प्लेज, न्यूज़ और भी चीज़ किया साथ मे। 1 ग्रुप पिक्चर भी लिए फादर और पुरानी टीचर के साथ, पुरानी यादों को जीने के लिए। रामु का समोसा और भवानी का भेल का भी खूब मज़े लिए। स्टूडेंट्स का दिल स्कूल की यादों में खोगया था फिर रात में सब स्टूडेंट्स साथ मे बेबीलोन होटल में डिनर किआ और खुब डांस और मस्ती की।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 1080 से अधिक पात्र नागरिक केन्द्र सरकार की योजनाओं से प्रत्यक्ष लाभान्वित हुए

## सांसद सुनील सोनी, विधायक प्रतिनिधि विजय अग्रवाल पहुँचे शिविर में, अधिकाधिक संख्या में पात्र नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभान्वित करने के दिये निर्देश

### 740 नागरिकों ने लिया भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प, 181 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज केन्द्र सरकार के लोकहितैषी विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 के तहत दिन की पहली पाली में शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 के टिकरापारा में हरदेवलाला मन्दिर के समीपस्थ आमजनों की सुविधा हेतु केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्रों को प्रत्यक्ष लाभान्वित करने के उद्देश्य से लगाया गया। शिविर में छात्राओं ने मंच पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए जन - जन को समाजहित में पर्यावरण संरक्षण का सुन्दर सकारात्मक सन्देश दिया. विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अन्तर्गत आज दिन की पहली पाली में लगाये गये नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 6 के तहत शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड नम्बर 63 के विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में रायपुर लोकसभा सांसद श्री सुनील सोनी, रायपुर दक्षिण विधायक प्रतिनिधि श्री विजय अग्रवाल, निगम उप नेता प्रतिपक्ष श्री मनोज वर्मा, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 के पार्षद श्री चन्द्रपाल धनगर गुड्डू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री सुभाष तिवारी, पूर्व पार्षद श्री रामकृष्ण धीवर भुण्डा, नगर पालिक निगम के अपर आयुक्त श्री अभिषेक अग्रवाल, जोन 6 जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा सहित नगर पालिक निगम, रायपुर, जिला प्रशासन रायपुर सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



आज दिन की पहली पाली में जोन क्रमांक 6 के शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत शिविर में रायपुर लोकसभा सांसद श्री सुनील सोनी एवं रायपुर दक्षिण विधायक प्रतिनिधि श्री विजय अग्रवाल ने प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों में जाकर किया। रायपुर लोकसभा सांसद श्री सुनील सोनी एवं रायपुर दक्षिण विधायक प्रतिनिधि श्री विजय अग्रवाल ने सम्बंधित अधिकारियों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की सभी जन कल्याण कारी योजनाओं का रायपुर शहर नगर पालिक निगम क्षेत्र के रहवासी समस्त पात्र नागरिकों को शिविर के माध्यम से सहजता व सरलता से दिलवाया जाना प्रशासनिक व्यवस्था के तहत सर्वोच्च प्राथमिकता देकर सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये हैँ। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत जोन क्रमांक 6 के अंतर्गत शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 के शिविर में लगभग 1080 से अधिक पात्र नागरिक केन्द्र सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्यक्ष लाभान्वित हुए। वार्ड क्रमांक 63 के शिविर में पहुंचकर लगभग 4700 से अधिक नागरिकों ने केन्द्र सरकार की लोकहितैषी योजनाओं की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत आज दिन की पहली पाली में शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 के शिविर में जन स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया, जिसमें वार्ड क्रमांक 63 के शिविर में 181 नागरिकों का चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दवाइयों सहित दिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 63 में लगाये गये शिविर में 740 नागरिकों ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। वार्ड क्रमांक 63 के शिविर में पीएम विश्वकर्मा योजना से पात्र 160 नागरिक एवं पीएम उज्जवला योजना से 254 नागरिक लाभान्वित हुए। वार्ड क्रमांक 63 के शिविर में पीएम स्वनिधि योजना से पात्र 58 नागरिक और आयुष्मान कार्ड योजना से पात्र 200 नागरिक प्रत्यक्ष लाभान्वित हुए. शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के शिविर में स्थल पर 285 नागरिकों को तत्काल आधार कार्ड बनाकर दिये गये. वार्ड क्रमांक 63 के शिविर में 70 नागरिकों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी में सफलता की कहानी सुनाई, जबकि 182 नागरिकों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया।

# सरकारी छुट्टियों से आम जनता परेशान

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य सरकार के सरकारी दफ्तरों में हर शनिवार के अवकाश के चलते आम जनता को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं, और इस्से लोगों के कार्यालयिन कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं, और यदि किसी सप्ताह बृहस्पतिवार या या फिर मंगलवार को कोई त्योहार पड़ जाए तो एक दिन का अवकाश ले कर सीधे चार दिनों के लिए ऑफिस से अनुपस्थित हो जाते है और कार्य प्रणाली की वजह से फाइल आगे नहीं बढ़ पाती है।सरकारी कामकाज पूरी तरह से ठप्प हो जाते हैं और आम जनता के अतिआवश्यक कार्य को कराने के लिए सिवाय इंतजार के कुछ नही रहता। यही नहीं अफ़सर पहले तो सरकारी कार्य से दिल्ली या अन्य जगह चले जाते हैं और फिर छुट्टी लेकर अनुपस्थित हो जाते हैं। कुल मिलाकर फ़ाइलें महीनों मंत्रालय एवं अन्य दफ़्तरों में घूमती रहती हैं।

राज्य शासन द्वारा सप्ताह में 5 दिनों तक नियमित रूप से कार्य करने का आदेश सरकारी कर्मचारियों के लिए जारी किया गया हैं जिस्से सरकारी कर्मचारी की कार्य क्षमता को बढ़ाया जा सके और वो एक नई ऊर्जा के साथ सोमवार को काम कर सके लेकिन सरकारी नुमाइंदे इसका फायदा उठाकर तीन से चार दिनों तक अवकाश पर चले जाते हैं जिस्से की सरकारी कार्य हो ही नही पाते एवम आम आदमी सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते लगाते थक जाते हैं।

राज्य शासन द्वारा कार्यालयीन समयावधि सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक तो है लेकिन सरकारी अधिकारी न ही समय से आते है और नही समय तक बैठते है वहीं आम आदमी को 10 बजे तो बुला लिया जाता हैं लेकिन आम आदमी समय से तो पहुंच जाता हैं लेकिन अधिकारी 11 बजे तक दफ्तर नही पहुंचते और इसके चलते आम जनता को समय से पहले पहुच घंटो इंतज़ार करना पड़ता हैं।

यदि राज्य शासन द्वारा शनिवार के अवकाश को खत्म ही कर दिया जाए तो इस समस्या से काफी हद तक सुधार हो सकता हैं। और सरकारी अधिकारियों द्वारा लगातार अवकाश लेने के सिलसिले की रोकथाम हो भी सकती हैं।

# दर्श चौधरी बने ताइक्वांडो चैम्पियन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजकमल सिंघानिया के नाती दर्श चौधरी उम्र 10 वर्ष ने विगत दिनों बेंगलुरू में आयोजित 38 वी नैशनल ताइक्कांडो चैम्पियनशिप (itf) 2023 के फाइनल में गोल्ड मेडल जीता कर कम उम्र के बच्चों की प्रतियोगिता में जीत दर्ज करायी है।




देश के ख्यातिनाम कोच मृत्युंजय राय ने बताया कि दर्श चौधरी 7 साल की उम्र से ही ताइक्कांडो खेल के प्रति अपनी लगन जाहिर कर दी थी वे स्कूल के अलावा स्टेट चैम्पियनशिप मे भाग लेते रहे और कड़े परिश्रम के चलते दर्श चौधरी ने ये मुकाम हासिल किया है निश्चित ही दर्श चौधरी एशियन गेम्स, ऑलंपिक खेल मे भी भाग लेंगे जिसकी संभावना साफ दिखाई देती हैं। उल्लेखनीय है कि बेंगलुरु में आयोजित ताइक्कांडो प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें दर्श चौधरी ने हर क्वालीफाई राउंड मे अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को पछाड़ कर ये मुकाम हासिल किया है. दर्श चौधरी lamartiniere boys स्कूल कोलकाता के 5 वी कक्षा के छात्र हैं।

# स्वदेशी मेला का आयोजन 25 से 31 जनवरी 2024 तक साईंस कॉलेज ग्राउंड रायपुर में



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्वदेशी जागरण मंच के तहत, भारतीय विपणन विकास केन्द्र द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रायपुर में साईंस कॉलेज ग्राउंड में दिनांक 25 से 31 जनवरी 2024 को स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सर्वसम्मति से मेला आयोजन समिति के संयोजक अमर बंसल, श्रीमती शताब्दी पांडेय और सह-महिला प्रमुख श्रीमती सुनीता चन्सोरिया को बनाया गया है। कार्यक्रम संयोजक श्री अमरजीत छाबड़ा को बनाया गया है। बैठक में प्रवीण मैशरी, अमेश अग्रवाल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, जगदीश पटेल, सुब्रत चाकी, श्रीमती शीला शर्मा सहित स्वदेशी मेला के कार्यकर्तागण शामिल रहे। मेले में प्रतिदिन बच्चों एवं महिलाओं के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा।

# छत्तीसगढ़ ननिहाल से भांजे के भोग के लिए सुगंधित चावल अर्पण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रभु श्री राम के जीवन निर्माण में छत्तीसगढ़ का बहुत बड़ा योगदान रहा है। यहां चंदखुरी में प्रभु श्री राम का ननिहाल है। साथ ही वनवास के दौरान श्री राम छत्तीसगढ़ होते हुए ही लंका गए थे। ये बात धर्मस्य मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने श्री राम मंदिर, वीआईपी रोड पर सुगंधित चावल अर्पण कार्यक्रम के दौरान कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, धर्मस्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद सुनील सोनी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ की तरफ से 3,000 क्विंटल सुगंधित चावल अयोध्या भेजा गया। अतिथियों ने झंडी दिखा कर चावल के 11 ट्रक को रवाना किया। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, पूरे छत्तीसगढ़वासी बहुत-बहुत बधाई के पात्र हैं कि, हम सबके भांजे प्रभु श्री राम के लिए छत्तीसगढ़ से सुगंधित चावल अयोध्या के लिए रवाना हो चुका है। छत्तीसगढ़ समेत पूरा देश आज बहुत प्रसन्न है कि 500 साल बाद प्रभु श्रीराम अपने घर वापस आ रहे हैं इस खुशी में पूरा देश 22 जनवरी का इंतजार कर रहा है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने विभिन्न अवधि के लिए रिटेल सावधि जमा पर अपनी ब्याज दरों में 125 आधार अंकों तक की वृद्धि की

### छोटी अवधि की जमाओं पर अधिक ध्यान देकर उच्च ब्याज दरों से जमाकर्ताओं को लाभ होगा, साथ ही एनआईएम की बचत भी होगी

**मुंबई ( विश्व परिवार )।** भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज एनआरओ मीयादी जमा सहित घरेलू रिटेल सावधि जमा पर ब्याज दरों में 10 आधार अंकों से 125 आधार अंकों तक की वृद्धि की घोषणा की, जो 29दिसंबर, 2023 से प्रभावी होगी। ये दरें 2 करोड़ रुपये से कम की जमा राशि पर लागू होंगी।

दरों में वृद्धि काफी हद तक छोटी अवधि की परिपक्वता जमा श्रेणी, विशेष रूप से 1 वर्ष से कम अवधि की जमाओं पर केंद्रित है। छोटी अवधि की परिपक्वता अवधि में ब्याज दरों में वृद्धि से न केवल जमाकर्ताओं को बहुत लाभ होगा जो कम परिपक्वता के लिए जमा रखते हैं, बल्कि जमा की समग्र लागत को संतुलित और अनुकूलित करने और अपने शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) की बचत के बैंक के उद्देश्य में भी योगदान देंगे। यह बैंक की छोटी अवधि की रिटेलमीयादी जमाओं में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की कार्यनीति के अनुरूप भी है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक (रिटेल देयताएं और एनआरआई व्यवसाय) श्री रवींद्र सिंह नेगी ने कहा, रिटेल सावधि जमा दरों में वृद्धि का निर्णय हमारे ग्राहकों को अधिक लाभ प्रदान करने की बैंक ऑफ़ बड़ौदा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, दूसरी ओर नीतिपरक रूप से हमारे जमा पोर्टफोलियो का प्रबंधन करता है। हमारा मानना है कि अपनी बचत पर अधिक कमाई का यह विकल्प न केवल अधिक ग्राहकों को आकर्षित करेगा, बल्कि बैंक को जमा की लागत के स्तर के प्रबंधन में भी मदद करेगा जिसका लाभ हमें एनआईएम में भी देखने को मिलेगा। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मौजूदा और नए ग्राहक उच्च दरों का लाभ उठा सकते हैं और पूरे भारत में बैंक की किसी भी शाखा के माध्यम से एफडी खोल सकते हैं। बैंक के मोबाइल ऐप (बॉब वर्ल्ड)/नेट बैंकिंग (बॉब वर्ल्ड इंटरनेट) के माध्यम से मौजूदा ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन एफडी भी खोली जा सकती है।

# डीआरटी के आदेश पर कोर्ट कमिश्नर ने कर्नाटक बैंक में गिरवी रखी संपत्ति जब्त की

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** डीआरटी, जबलपुर ने केस नंबर 302/2020, कर्नाटक बैंक बनाम श्री मनोरंजन कुमार पांडे और अन्य में कर्नाटक बैंक के 7 साल पुराने एनपीए मामले में संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए हैं।



7 साल पुराने एनपीए खाते में डिफॉल्टर की गिरवी संपत्तियों को डीआरटी, जबलपुर और कोर्ट कमिश्नर महेश पांडे एडवोकेट द्वारा श्री वात्सल्य कुमार, वसूली अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण, जबलपुर (मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़) के आदेश पर कुर्क किया गया था।

उक्त संपत्ति का मूल्यांकन बैंक के सूचीबद्ध मूल्यांकक मेसर्स फ्रंटलाइन कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उनकी मूल्यांकन रिपोर्ट दिनांक 29.09.2016 के अनुसार किया गया था और कर्नाटक बैंक के अधिकारी श्री अमरेश कुमार साहू और प्रबंधक सुश्री मोनिका कुमारी, मूल्यांकक संजय के साथ थे। दास, मेसर्स फ्रंटलाइन कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के एसोसिएट सदस्य। ये संपत्तियां 1. 0.233 हेक्टेयर/24000 वर्ग मीटर की खुली भूमि पर स्थित हैं। फुट खसरा नंबर 319/1 का हिस्सा आरडीए हाउसिंग बोर्ड योजना मौजा बोरियाखुर्द के सामने स्थित, चंद्र शेखर आजाद वार्ड नंबर 52 पी. एच. क्रमांक 71 तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग. और 2. खुली भूमि, माप 0.102 हेक्टेयर/11000 वर्ग। फुट. खसरा नंबर 319/1 भाग आरडीए हाउसिंग बोर्ड योजना मौजा बोरियाखुर्द के सामने स्थित, चंद्र शेखर आजाद वार्ड नंबर 52 पी. एच. क्रमांक 71 तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग. और डीआरटी के आदेश पर थाना पुलिस की मदद से संपत्ति कुर्क कर ली गई। टिकियापारा, रायपुर संपत्ति का ऑन-द-स्पॉट मूल्यांकन किया गया। जल्द ही संपत्तियों को बेचकर बैंक की बकाया रकम वसूल की जाएगी। पांडे ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई डीआरटी जबलपुर के वसूली अधिकारी के आदेश पर और जानबूझकर बैंक का पैसा नहीं चुकाने वाले बकाएदारों पर की गई है, उनकी चल- अचल संपत्ति और उनकी कुर्की की कार्रवाई की गई है. विक्रय सहित गिरफ्तारी एवं सिविल जेल की कार्यवाही की जाती है। कार्यवाही की जाती है।

डीआरटी अब जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों और उनके गारंटरों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई करने जा रही है और अगर आप इस अप्रिय स्थिति से बचना चाहते हैं तो तुरंत अपनी नजदीकी शाखा से संपर्क करें और अपनी समस्या या निपटान पर चर्चा करें।

# भारतीय पौराणिक कथाएं व परंपराएं आधुनिक विज्ञान की जनक हैं : प्रो.(डॉ.) शिशिर सिन्हा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें देश की विभिन्न उच्च शैक्षणिक संस्थानों के वैज्ञानिक तथा विषय विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सिपेट के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) शिशिर सिन्हा जी ने कहाँ कि भारतीय पौराणिक कथाएं व परंपराएं आधुनिक विज्ञान की जनक हैं, पौराणिक कथाओं के आधार पर ही आज का विज्ञान नित नए अविष्कार करने में सफलता अर्जित कर रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आई.आई.टी रुडकी के निदेशक के.के.पंत, आई.आई.टी बनारस के शिक्षाविद, आई

आई.टी. भिलाई के निदेशक प्रो.




राजीव प्रकाश जी तथा सिपेट के निदेशक एवं प्रमुख डॉ.आलोक साहू जी की उपस्थिति में आई.आई.टी. भिलाई व सिपेट के मध्य शोध एवं समग्र अध्ययन के लिए रूम्श पर हस्ताक्षर हुएँ। जिसका मुख्य उद्देश्य विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में शोध कार्य एवं समग्र अध्ययन को बढ़ावा दिया जा सके। जिससे नई दिशा में कार्यों के माध्यम से प्रदेश तथा देश में उन्नति के मार्ग प्रशस्त हो सके। कार्यक्रम में देश के अनेक संस्थाओं के अधिकारीगण, सिपेट के प्रशासनिक अधिकारी श्री नितेश जैन तथा वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी श्री मनोज राजपूत जी तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री से अखिल भारतीय रामनामी महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज शाम यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में अखिल भारतीय रामनामी महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 21 जनवरी से 23 जनवरी तक मालखरौदा तहसील के ग्राम- कुरदी में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय रामनामी महासभा के वार्षिक सम्मेलन- श्बड़े भजन मेलाश् में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रतिनधिमण्डल को बड़े भजन मेला में आमंत्रण हेतु आभार जताया और मेला के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अखिल भारतीय रामनामी महासभा से अध्यक्ष पं रामप्यारे रामनामी, आचार्य महेत्तर राम रामनामी, श्री गंगाराम टण्डन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN /2013/50354